डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-40 | प्रयागराज, रविवार 09 अक्टूबर 2022 से शनिवार 15 अक्टूबर 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाःसलमान खान ने घरवालों को दी पार्टी आपस में भिड़ गई ये दो कंटेस्टेंट्स 8)

संक्षिप्त समाचार

शाह की रैलियां जम्मू कश्मीर में बदलेंगी राजनीतिक परिदृष्य

(आधुनिक समाचार सेवा)

जम्मू। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कहा है कि गृह मंत्री अमित शाह की राजौरी व बारामुला में हुई रैलियां जम्मू कश्मीर के राजनीतिक परिदृश्य को बदल देंगी। रैलियों को लेकर लोगों का उत्साह जम्मू कश्मीर में बड़े राजनीतिक परिवर्तन का संकेत है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में रैना ने कहा कि रैलियों के जरिये

लोगों में बेहतर बदलाव का संदेश गया। अब पिछली सरकारों द्वारा नजरअंदाज किए गए लोगों के साथ इंसाफ किया जा रहा है। ऐसे में अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान गृहमंत्री ने कई प्रतिनिधिमंडलों से भेंट कर मोदी सरकार से उनकी उम्मीदों के बारे में भी जानकारी ली। इसके साथ गृहमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को लोगों को पेश आ रही मुश्किलों का फौरन समाधान करने के निर्देश भी जारी कर दिए। नेकां अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला द्वारा जारी किए श्वेत पत्र पर रैना ने कहा कि उन्हें जवाब देना चाहिए कि प्रदेश में गुलाम जम्मू कश्मीर से आए लोगों, गोरखा, दलित, गद्दी सिप्पी समुदाय, वाल्मीकि, महिलाओं, गुज्जर-बक्करवालों, डोगरा व कश्मीरियों के साथ नाइंसाफी क्यों की गई।

महाराष्ट्र के नासिक में ट्रक से टकराने के बाद बस में लगी आग, 11 लोगों की जलकर मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक से भीषण सड़क हादसा हुआ है। प्राइवेट बस और एक ट्रक में जबरदस्त टक्कर हुई, जिसके बाद बस में आग लग गई। इस सड़क दुर्घटना में 11 लोगों ट्रक यहां खड़ा हुआ था, टक्कर लगने के बाद बस में जबरदस्त आग लग गई। बस पूरा आग का गोला बन गई। ऐसे में कई लोगों को बस से बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। आग इतनी भीषण थी कि हम कई लोग गंभीर रूप से भी घायल हुए हैं।हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि नासिक में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोग बस सवार थे या कंटेनर में बैठे लोग। वहीं, उत्तर प्रदेश के गजरौला में दिल्ली-

के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। इसमें एक बच्चा भी शामिल है। इस हादसे पर दुख जताते हुए पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे। दूसरी ओर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि बस ने ट्रक का टक्कर मारी। हादसे के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'ये हादसा मेरे घर के सामने हुआ। सामने खड़े थे, लेकिन कुछ नहीं कर पाए। कुछ देर बार पुलिस और दमकल कर्मी आए और उन्होंने स्थिति पर नियंत्रण पाया। हालांकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।सड़क हादसे को लेकर नासिक पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना औरंगाबाद रोड पर शनिवार सुबह करीब 5 बजे हुई है। एक प्राइवेट बस ने कंटेनर को टक्कर मार दी, जिसके तुरंत बाद बस में आग लग गई। हादसे में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक और रोडवेज बस में टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा हाईवे पर गांव कांकाठेर के नजदीक हुआ है। हादसे में बस में सवार करीब 20 यात्रियों के घायल होने की खबर है। घायलों को इलाज के लिए इलाके के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें से दो की हालत फिलहाल नाजुक है, उन्हें जिला अस्पताल के रेफर किया दिया गया है। हादसे के बाद सड़क पर भीषण जाम लग गया, पुलिस ने यातायात को सुचारू करने के लिए क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को सड़क से हटाया।

अक्टूबर की 12 तारीख को होगी पीएम मोदी के स्मृति चिन्हों की नीलामी, ट्वीट कर दी जानकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह 2022 की नीलामी की तारीखों को आगे बढ़ा दिया गया है। स्मृति चिन्हों की यह नीलामी अब 12 अक्टूबर को

होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए ट्वीट में यह जानकारी दी गई है। संस्कृति मंत्रालय के एक ट्वीट का जवाब देते हुए, प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि, यह उन कई विशेष उपहारों में से हैं जो मुझे वर्षो से मिले हैं। लोगों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए, स्मृति चिन्हों की नीलामी को 12 तारीख तक बढ़ा दिया गया है। साल 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट किए गए उपहारों और स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी 17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर शुरू हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में, प्रधानमंत्री कार्यालय को सम्मानित किया गया और देश के कोने-कोने से प्रसिद्ध हस्तियों और शुभचिंतकों से असंख्य स्मृति चिन्ह और उपहार प्राप्त हुए। प्रेम के ऐतिहासिक उपहारों में उत्कृष्ट पेंटिंग, मूर्तियां, हस्तशिल्प और लोक कलाकृतियां शामिल हैं। नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, नई दिल्ली अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट किए गए स्मृति चिन्ह और उपहारों की एक विशेष प्रदर्शनी के लिए आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री को दिए गए 1200 उपहारों और स्मृति चिन्हों की नीलामी की जाएगी। इन 1,200 उपहारों में, आकर्षण का केंद्र अयोध्या में श्री राम मंदिर और वाराणसी में काशी-विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृतियां और मॉडल हैं। पहली बार जनवरी 2019 में प्रधानमंत्री के उपहारों की नीलामी शुरू की गई थी। यह सफल नीलामियों की श्रृंखला में चौथी होगी, वहीं पहले के तरह ही, नीलामी के माध्यम से जुटाई गई धनराशि नमामि गंगे कार्यक्रम में दान की जाएगी।

अमित शाह के सामने 25,000 किलो मादक पदार्थों की जलाई जाएगी होलिका

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को असम में नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा मामले पर एक क्षेत्रीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वह पूवीत्तर के राज्यों में नशीली दवाओं के कम करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। समाचार एजेंसी एएनआइ ने एक सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि यह बैठक गुवाहाटी में होगी, जिसमें कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पुलिस महानि उन्होंने बताया कि गृह मंत्री के मार्गदर्शन में शनिवार को ही गुवाहाटी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा लगभग 11,000 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा। इसके अलावा उत्तर पूर्वी राज्यों के द्वारा जब्त की गई लगभग 13,675 किलोग्राम हेरोइन, गांजा, कोडीन कफ सिरप, नारकोटिक पिल्स जैसे नशीले पदार्थों को भी नष्ट किया जाएगा।

कांग्रेस ने वाणिज्य पर संसदीय समिति के अध्यक्ष पद के लिये अभिषेक मनु सिंघवी को किया नामित

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। वाणिज्य पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी को नामित किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पार्टी से गृह मामलों और सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय समितियों की अध्यक्षता वापस ले ली गई है। सिंघवी गृह मामलों की समिति और शशि थरूर सूचना प्रौद्योगिकी पर समिति के अध्यक्ष थे। रसायन एवं उर्वरक स्थायी

समिति की अध्यक्षता कांग्रेस को रसायन एवं उर्वरक पर स्थायी समिति की अध्यक्षता भी दी गई है।

त्यौहारों के सीजन में महंगाई का झटका, पीएनजी की कीमतों में तीन रुपए की बढ़ोतरी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। दीवाली से पहले आम आदमी को महंगाई का एक और तगड़ा झटका लगा है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने पीएनजी के दामों में तीन रुपए की फतेहपुर और हमीरपुर में ये दाम 56.10 कर दिए गए हैं। इससे पहले बुधवार को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा दिल्ली में पीएनजी की कीमतों में 2.63 रुपए प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई



बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। गैस की बढ़ी हुई दरें आज से लागू हो जाएंगी, अब आम उपभोक्ता को दिल्ली में पीएनजी के लिए 53.59 रुपए प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर के हिसाब से चुकाने होंगे। वहीं बात अगर दिल्ली के एनसीआर क्षेत्र की करें तो नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में पीएनजी का दाम 53.46 रुपए हो गया है। मुजफ्फरनगर, शामली और मेरठ में कीमत 56.97 प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर पहुंच गई है और अजमेर, पाली, राजसमंद में रेट 59.23 हो गई है। वहीं कानपुर, थी। जिसके बाद दिल्ली में पाइप्ड कुकिंग गैस की कीमत 50.59 रुपए प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर हो गई थी। जबकि पहले सि47.96 थी, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड दिल्ली एनसीआर समेत देश के प्रमुख शहरों में सीएनजी और पीएनजी की खुदरा बिक्री करती है।पीएनजी के दामों में बढ़ोतरी से आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त भोझ पड़ेगा। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी पर यह अतिरिक्त बोझ होगा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से ईंधन की कीमतों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

350 करोड़ की हेरोइन के साथ पकड़ी गई पाकिस्तानी नाव, आईसीजी और एटीएस ने 6 लोगों को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

अहमदाबाद। भारतीय तटरक्षक बल को बड़ी कामयाबी मिली है। भारतीय तटरक्षक बल ने एटीएस गुजरात करोड़ रुपये के आसपास बताई जा रही है अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास से पकड़ा भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के अधिकारी ने बताया

के साथ एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तानी नाव में सवार 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा भारतीय तटरक्षक बल और एटीएस गुजरात की टीम ने उनके पास से 50 किलोग्राम हेरोइन भी बरामद की है। जिसकी बाजार में कुल कीमत 350 कि उन्हें पाकिस्तानी नाव की सूचना मिली थी। जिसके बाद आज सुबह एक पाकिस्तानी नाव अल साकर में सवार 6 लोगों और 350 करोड़ रुपये की कीमत की हेरोइन के साथ पकड़ा गया है। अधिकारी के अनुसार, पाकिस्तानी नाव को और उनमें सवार लोगों को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास पकड़ा गया है।भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच के लिए नाव को जखाऊ लाया जा रहा है। आईसीजी द्वारा एटीएस के साथ पिछले एक साल में यह छठा ऑपरेशन है। एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 14 सितंबर को एक पाकिस्तानी नाव से लगभग 200 करोड़ रुपये की 40 किलोग्राम हेरोइन पकड़ी गई था आपको बता दें कि ड्रग्स लदे पाकिस्तानी नाव को भारतीय जल सीमा क्षेत्र के 6 मील अंदर से पकड़ा गया था। भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते की संयुक्त कार्रवाई में ये पाकिस्तानी नाव पकड़ी गई थी। इसके अलावा नौका चालक दल के सदस्य छह पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था।

मोहन भागवत ने जाति व्यवस्था की प्रासंगिकता पर उठाए सवाल

(आधुनिक समाचार सेवा)

नागपुर। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि भेदभाव पैदा करने वाली 'वर्ण' और 'जाति' जैसी हर चीज पूरी तरह खत्म कर दी जानी चाहिए। डा. मदन कुलकर्णी और डा रेणुका बोकारे की किताब 'वज्रसूची टंक' के विमोचन के अवसर पर उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था की अब कोई प्रासंगिकता नहीं है। विजयादशमी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा था कि, अल्पसंख्यकों के बीच यह डर पैदा किया जाता है कि संघ से या हिंदुओं से उन्हें खतरा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और न ही भविष्य में ऐसा होगा। यह न तो संघ का स्वभाव है और न ही हिंदुओं का। भागवत ने कहा कि नफरत फैलाने वालों के खिलाफ और अन्याय, अत्याचार करने वालों के खिलाफ, समाज के प्रति गुंडागर्दी में लिप्त होने वालों के खिलाफ आत्मरक्षा और हमारी खुद की रक्षा हर किसी के लिए एक कर्तव्य है।

सामाजिक समानता भारतीय परंपरा का हिस्सा

पुस्तक का उद्धरण देते हुए संघ प्रमुख ने कहा, सामाजिक समानता भारतीय परंपरा का हिस्सा रही है। लेकिन, इसे भुला दिया गया और इसके घातक परिणाम सामने आए। भागवत ने इस दावे का भी जिक्र किया कि वर्ण और जाति व्यवस्था में शुरू-शुरू में कोई भेदभाव नहीं था और इसका अब भी उपयोग है। इसके बाद संघ प्रमुख ने कहा कि यह अतीत की बात है। हमें इसे भूल जाना चाहिए। भेदभाव पैदा करने वाली हर चीज पूरी तरह खत्म कर दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पिछली पीढ़ियों ने हर जगह गलती की है और भारत भी इसका अपवाद नहीं है।इससे पहले बुधवार को सरसंघचालक ने बुधवार को कहा था कि इससे पहले बुधवार को भागवत ने कहा था कि अल्पसंख्यकों को खतरे में डालना न तो संघ का स्वभाव है और न ही हिंदुओं का। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने आरएसएस पर समाज को विभाजित करने और लोगों को एक दूसरे के खिलाफ लड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे सिक्किम, राजभवन में की वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का उद्घाटन

(आधुनिक समाचार सेवा)

गंगटोक। केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचे है। उन्हें गंगटोक के लिबिंग स्थित भारतीय सेना के हेलीपैड में सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद के जीवन पर एक वृत्तचित्र विमोचन किया गया।इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्यमंत्री लगायत अन्य अतिथि द्वारा प्रगति पथ कॉफी टेबल बुक विमोचन किया गया।

मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग, सिक्किम विधानसभा के अध्यक्ष अरुण कुमार उप्रेती, विधानसभा उपाध्यक्ष, विधायक, लोकसभा सांसद, राज्य के मुख्य सचिव लगायत गंगटोक जिलापाल ने उन्हें भव्य स्वागत किया मंत्री शाह एक दिवसीय सिक्किम भ्रमण में है। उन्होंने आज राजधानी गंगटोक स्थित राजभवन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के अवसर पर सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सिक्किम राज्यपाल गंगा प्रसाद ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्रति आभार प्रकट करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा की एक प्रतिकृति भेंट की केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तय कार्यक्रम के तहत गंगटोक में पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र डेयरी सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने लगभग 65,000 सक्रिय प्राथमिक कृषि ऋण समिति स्थापित करने का निर्णय लिया है। 5 साल के भीतर प्रत्येक पंचायत में एक पैक्स और एक डेयरी होगी।

लोन एप धोखाधड़ी मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने लगाय एमसीओसीए

(आधुनिक समाचार सेवा)

पुणे। लोन एप धोखाधड़ी मामले में पूर्व में गिरफ्तार नौ लोगों वसूली इसका एक मुख्य पहलू था। लोन एप धोखाधड़ी उस समय उजागर हुई थी जब कर्नाटक की

के विरुद्ध महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) लगाया गया है। पुणे के पुलिस आयुक्त अमिताभ गुप्ता ने बताया कि पहली बार साइबर अपराध के मामले में मकोका लगाया गया है क्योंकि धन राजधानी बेंगलुरु में एक काल सेंटर पर छापेमारी की गई थी। इसके बाद 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और एक लाख से अधिक लोगों की निजी जानकारियों से संबंधित डाटा जब्त किया गया था।

जयराम रमेश बोले,भारत जोड़ो यात्रा में दिख रहा राहुल का असल रूप

(आधुनिक समाचार सेवा)

चित्तनहल्ली । कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा

कि भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी का असल रूप उभरकर सामने आ रहा है। मांड्या (कर्नाटक) जिले में पदयात्रा के दौरान जयराम ने एक विशेष भेंट में कहा, यह कांग्रेस पार्टी का रूपांतरण है। इससे राहुल गांधी का वास्तविक रूप सामने आया है। मैं यह नहीं कहूंगा कि ये नए राहुल गांधी हैं, लेकिन उनका असल रूप अब दिखने लगा है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, सिविल सोसायटी और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद तथा सुपर फिटनेस ने दिखाया है कि राहुल वास्तव में कैसे हैं सबसे बड़ी उपलब्धि मनोवैज्ञानिक है। मुझे लगता है, इस यात्रा ने कांग्रेस पार्टी को यह दिखाया है कि राहुल क्या कर सकते हैं इस पदयात्रा से कांग्रेस को मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत होने में मदद मिलेगी। भारत जोड़ो यात्रा में शुक्रवार को गौरी लंकेश की मां और बहन शामिल हुईं। राहुल ने कहा कि वे उनके और उन अनगिनत लोगों के साथ खड़े हैं, जो भारत की सच्ची भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। गौरी लंकेश एक पत्रकार और कार्यकर्ता थीं। पांच सितंबर, 2017 को उनकी हत्या कर दी गई थी। राहुल गांधी ने कहा है कि एकमात्र हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का उनका कोई इरादा नहीं है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और शिक्षकों के साथ राहुल गांधी की बातचीत में कन्नड की पहचान का मुद्दा उठा। राहुल ने कहा कि हर किसी की मातृभाषा महत्वपूर्ण है। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं। एकमात्र हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने और कन्नड की पहचान को खतरे में डालने का हमारा कोई इरादा नहीं है। नोटबंदी, जीएसटी और कृषि कानूनों को भाजपा का हथियार बताते हुए राहुल ने कहा कि इसका निशाना देश के गरीब और छोटे कारोबारी हैं। बेल्लूर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा ने अपनी नीतियों से कारोबार को तबाह कर दिया है।

न्यायमूर्ति एचएन नागमोहन दास आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया फैसला

(आधुनिक समाचार सेवा)

बेंगलुरू। कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव से कुछ महीने पहले एक बड़े फैसले में, कर्नाटक की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को संवैधानिक संशोधन की मांग करके राज्य में अनुसूचित जाति और जनजाति (एससी / एसटी) कोटा बढ़ाने का फैसला किया। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने यह फैसला न्यायमूर्ति एचएन नागमोहन दास आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया है। आयोग ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को 15 फीसद से बढ़ाकर 17 प्रतिशत जबकि अनुसूचित जनजातियों के लिए इसे तीन फीसद से बढ़ाकर 7 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस आशय की घोषणा की। इस सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस और जद (एस) के नेताओं ने भाग लिया।

महाकाल फाउंडेशन की ओर से निकाली गई 22 सौ मीटर तिरंगा यात्रा

(आधुनिक समाचार सेवा)

जसरा। संगम नगरी प्रयागराज के यमुनापार जसरा बाजार में आज रविवार 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जय श्री महाकाल

फाउंडेशन के तत्वाधान में 22 सौ मीटर की विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जय श्री महाकाल फाउंडेशन यूथ क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद दुबे ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के युवाओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करना है तथा तिरंगा यात्रा के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई कार्यक्रम के दौरान जन सैलाब देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कौशल्या नंद गिरी जी व वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र मिश्र नगरहा जी रहे और युवाओं का उत्साह वर्धन करते रहे। वहीं दूसरी हो भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडे के द्वारा कहा गया कि आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 22 सौ मीटर की तिरंगा यात्रा निकाली गई भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि अनेकता में ही एकता है इस बार 22 सौ मीटर की तिरंगा यात्रा निकाली गई। अगले वर्ष पूरे बारा विधानसभा में इससे भी बड़ी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी यह बात कार्यक्रम के संयोजक अरविंद दुबे के द्वारा कही गई आगे उन्होने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देश भक्ति की भावनाओं को प्रज्वलित करना है युवाओं में गांधी जी के विचारधारा को समाहित करना है। तिरंगा यात्रा को अंतिम रूप देने में दीपू पाठक और अतुल गुप्ता का विशेष योगदान रहा। तिंरगा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, नीरज केसरवानी, मुकेश दृवेदी, आशीष सोनकर, प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशू मिश्रा, आलोक पाठक, आनंद जायसवाल, रावेंद्र तिवारी, विराट दृवेदी, दीपचंद्र मोदनवाल, अनुराग, शोएब,जगदीशपुर प्रधान विराट तिवारी, समाजसेवी दीपू पाठक , अधिवक्ता प्रदीप द्विवेदी,अतुल गुप्ता, देवेंद्र पटेल, पुष्कर द्विवेदी आदर्श तिवारी, बृजभान सनी शुक्ला अनुज, शुक्ला, विवेक भदौरिया, जय शर्मा, विनीत, अमन, कंहैया, सूरज, अभिनव,अनूप, छविनाथ, शनि, शुभम, हिमांशु, अनुपम,सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

करेली का खाली प्लॉट बना चोरों का अड्डा कई ई-रिक्शे बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । करेली अबुबाकर मस्जिद स्थित जमीर नगर में सोमवार सुबह खाली पड़े एक प्लॉट में चोरी के दो ई रिक्शे 112 पुलिस ने बरामद किए है। जानकारी के अनुसार ज़मीन के मालिक परवेज अहमद ने सोमवार सुबह पुलिस को सूचना दी की चोर कई दिनों से ई रिक्शा चुरा कर उनके ख़ाली पड़े प्लॉट में लाते हैं।उन्होंने अपनी

शिकायत में कहा कि चोर रिक्शे के अंदर का सारा सामान निकाल ले जाते है और उसकी बॉडी वही छोड़ जाते हैं। सूचना मिलते ही 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बताए स्थान से दो ई रिक्शा बरामद कर करेली थाने में जमा कर दिया। करेली थाने के हेड कांस्टेबल सुमित सिंह ने बताया कि रिक्शे के मालिकों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

यूपी के भदोही में पूजा पंडाल में लगी भीषण आग 50 से अधिक झुलसे

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखनऊ।उत्तर-प्रदेश के भदोही में रविवार देर शाम एक दुर्गा पूजा पंडाल में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा पंडाल धू-धूकर जलने लगा। आग की चपेट में आने से 50 से अधिक लोग झुलस गए। झुलसने वालों में महिलाएं और बच्चे अधिक हैं। आग इतनी भीषण थी कि ऊंची लपटें देख हर कोई सहम उठा। सूचना मिलते डीएम-एसपी सहित

बड़ी संख्या में अधिकारी और दमकल टीम पहुंच गई। झुलसे बच्चों और महिलाओं को सीएचसी संग कई निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। औराई-भदोही मार्ग पर स्थित एकता क्लब का पंडाल काफी आकर्षक होने से यहां नवरात्र रविवार शाम आठ बजे 150 से अधिक लोग पंडाल में मौजूद थे। लोग आरती में शामिल होकर जयकारा लगा रहे थे। पंडाल में डिजिटल शो भी चल रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई। जिसे देख वहां भगदड़ मच गई। देखते ही देखते पूरा पंडाल धू-धूकर जलने लगा। मौके पर चीखपुकार मच गई। जिसे जिधर से रास्ता मिला भागने लगा। समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि कितने लोग झुलसे हैं, लेकिन एक अधिकारी के मुताबिक 50 से अधिक लोग झुलस गए। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। कुछ लोगों का मानना है कि शार्ट सर्किट से आग लगी जबकि कुछ लोग आरती से आग लगने का कारण मान रहे हैं। झुलसे लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंदं औराई, सूर्या ट्रॉमा सेंटर सहित अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। जहां सभी का उपचार चल रहा है। डीएम गौरांग राठी और एसपी डॉ. अनिल कुमार सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। घटना स्थल पर अफरातफरी की स्थिति है।

ए एन डी टी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर की स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)

सीतापुर। आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह का आरंभ जनपद सीतापुर के शिक्षण प्रशिक्षण के क्षेत्र में सबसे पुराने सरकारी संस्थान आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ 1 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ इस भव्य समारोह के बतौर

मुख्य अतिथि महाविद्यालय के स्थापना के समय से शिक्षिका रही प्रोफेसर इंद्रावती श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और संस्था में आचार्य जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा महाविद्यालय की शुरुआत सन 1972 से हुई इस महाविद्यालय की स्थापना करने वाले पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय ए बी लाल श्रीवास्तव थे उनके कुशल नेतृत्व के द्वारा संस्थान में शिक्षण कार्य का शुभारंभ हुआ था । एक दौर ऐसा भी था जब इस संस्थान में के विद्यार्थियों की संख्या 572 थी इस महाविद्यालय से हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा सनतक और शिक्षा परासनतक की उपाधि प्राप्त कर देश के विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । जनपद सीतापुर समेत आसपास के जनपदों में भी यह संस्थान सबसे पुराना है । समारोह के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष के सी मिश्र ने बताया आचार्य नरेंद्र देव जी का जन्म जनपद सीतापुर में हुआ था उन्होंने अपने जनपद का नाम पूरे देश में रोशन किया यह हम सब जनपद वासियों के लिए गौरव की बात है और इस संस्थान के छात्रों ने सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा जनपद का मान बढ़ाया है महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस बी सिंह ने बताया संस्थान के स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर पूरे अक्टूबर माह इसी रूप में मनाया जाएगा इस कार्यक्रम का शुभारंभ 1 अक्टूबर को किया गया है और समारोह का समापन सत्र 31 अक्टूबर को इनके जन्म दिन के अवसर पर किया जाएगा और उन्होंने यह भी घोषणा की प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को उनकी स्मृति में एक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ प्रनीता सिंह , डॉ सुनील कुमार, डॉक्टर दीपा अवस्थी, डॉक्टर नितिन पांडेय, डॉक्टर मोहम्मद इमरान, राजकीर्ति रस्तोगी, सुरभि, आलोक सिन्हा, उज्जवला वैश्य, और अन्य शिक्षक पर कर्मचारी तथा संस्था में अध्यनरत बीएड, एमएड के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

09 अक्टूबर को मनायी जायेगी महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। शासन के निर्देशानुसार जनपद में दिनांक 09 अक्टूबर को आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को भव्य रूप से मनाया जायेगा। इस अवसर पर जनपद के रामजानकी एवं हनुमान मन्दिरों में दीप प्रज्जवलन, दीपदान तथा माल्यार्पण के साथ ही बाल्मीकि बेंलखरनाथधाम हेतु नोडल अधिकारी के रूप में परियोजना निदेशक डीआरडीए, विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, लालगंज, सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ हेतु नोडल अधिकारी के रूप में उपायुक्त श्रम रोजगार तथा विकास खण्ड कुण्डा, कालाकांकर, बिहार व बाबागंज हेतु नोडल अधिकारी के रूप में उपायुक्त स्वतः रोजगार को नामित

रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा। जनपद में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के कार्यक्रम को भव्यता पूर्ण रूप से सम्पन कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने विकास खण्डवार नोडल एवं सह नोडल अधिकारियों को तैनात कर दिया है। उन्होने विकास खण्ड सदर, मंगरौरा, पट्टी, आसपुर देवसरा एवं सण्ड़वा चन्द्रिका हेतु नोडल अधिकारी के रूप में जिला विकास अधिकारी, विकास खण्ड मानधाता, गौरा, शिवगढ़, बाबा किया है तथा सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी सह नोडल अधिकारी के रूप में नामित किये गये है।अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं समस्त नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रामजानकी एवं हनुमान मन्दिरों में दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं बाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन कर कार्यक्रम को भव्यता के साथ सम्पन्न करायें।

यूपी में ट्रैक्टर ट्राली की सवारी पर लगा बैन योगी सरकार ने अफसरों को दिया कड़ी कार्रवाई के निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखनऊ। योगी सरकार ने घाटमपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से हुए हादसे से सबक लेते हुए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया है कि प्रदेश के किसी भी जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर यात्रियों को न ले जाया जाए, केवल ट्रैक्टर-ट्रॉली का इस्तेमाल सामान लाने ले जाने के लिए किया जाए, इस आदेश गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गई थी, इस हादसे में अब तक 27 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है, जबकि 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं, ये सभी घाटमपुर तहसील क्षेत्र के कोरथा गांव के रहने वाले थे, गांव के ही एक व्यक्ति के बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने फतेहपुर

का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं, सीएम योगी ने कहा कि अगर कोई ऐसा करता पाया जाए तो प्रशासन उस पर कड़ी कार्रवाई करे, शनिवार की रात साढ़ थाना क्षेत्र में गंभीरपुर जिले में स्थित चंद्रिका देवी मंदिर गए थे, वहां मुंडन संस्कार खत्म होने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए थे।

एन0एस0एस0स्वयंसेवकों ने गाँधी जयन्ती पर की सफाइ

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़।हेमवती नंदन बहुगुणा पी0जी0कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा गाँधी एवं शास्त्री के साथ हुआ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ0फणीन्द्र नारायण मिश्र महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला

जयंती पर उन्हें माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कालेज प्राँगण में लगे गमलों एवं क्यारियों की निराई,गुड़ाई स्वयंसेवकों द्वारा की गई।कार्यक्रम की शुरुआत एन0एस0एस0लक्ष्य गीत तथा छात्रों को उनके आदर्शो को अपनाने का आह्वान किया।शिक्षार्थियों ने स्वच्छता कार्य करते हुए समाज सेवा कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने भर पूर सहयोग किया।

प्रेमी जोड़े के इश्क की शादी के महज 3 घंटे बाद दुल्हन ने दीया पुत्र को जन्म

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखनऊ। उत्तर-प्रदेश के संभल में प्रेमी-प्रेमिका का अजीबो-गरीब एक मामला सुनने को मिला है। सालों से प्यार में पड़ी युवती ने प्रेमी से शादी करने की बात कही थी। समय बीतने के बाद भी जब प्रेमी ने कोई जवाब नहीं दिया तो वह प्रेमी के घर में घुस



गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जब लोगों को प्रेमिका के प्रेमी के घर में घुसने की खबर मिली तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई।आनन-फानन मे प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई और शादी के महज 3 घंटेभर मे प्रेमी युगल की दुल्हन एक सकुशल पुत्र को जन्म दिया। इस घटनाक्रम के दौरान लोगो मे कौतुहल भरी चर्चा पूरे दिन बनी रही। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला और प्रेमी-प्रेमिका को चौकी पर ले आई। चौकी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर दोनों की शादी पर सहमति बनी। इसके बाद दोनों की शादी हो गई। शादी के तीन घंटे बाद ही लड़की के पेट में दर्द हुआ। उसे सीधे अस्पताल ले जाया गया जहां प्रेमिका ने बेटे को जन्म दिया। आपको बता दें कि प्रेम प्रसंग के दौरान जब दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं तो प्रेमिका गर्भवती हो गई थी। असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी युवती का पिछले कई सालों से गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।प्रेमी युवक ने कई बार शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। प्रेमिका लड़की गर्भवती हो गई।लड़की ने अपने परिवार को पूरे मामले के बारे में बताया।

जिलाधिकारी ने महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रतापगढ़। कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा एवं अधिवक्तागण व अन्य सम्भ्रानत लोगों ने माल्यार्पण कर कि हम चाहे जिस पद पर हो उस पर ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करें और जन मानस के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होने समाज के सभी वर्गो में आजादी की लव प्रचलित कीं। उन्होने कहा कि गांधी जी ने सत्य जरूरतें पूरी कर रहा है बल्कि विदेशों में भी खाद्यान्न का निर्यात किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता चिन्तामणि पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, अधिवक्ता

श्रद्धांजलि अर्पित किया। महात्मा गाँधी की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश और समाज को बदलने के लिये व्यक्ति को स्वयं को भी बदलना होगा। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी जी जो कहते थे वही करते थे इसलिये जनता उनसे जुड़ जाती थी जिससे वे जन आन्दोलन चला सके।महात्मा गाँधी जी भेदभाव की परम्परा को नष्ट करने के लिये आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होने कहा और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया व देश में ही नही विश्व प्रसिद्ध है और इससे हमारे देश का गौरव आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि हमें दूसरों की पीड़ा समझने की एवं उसे दूर करने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने कहा कि जय जवान जय किसान का नारा देकर पूर्व लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया इसी का परिणाम है देश आज खाद्यान्न के क्षेत्र में न सिर्फ अपनी राघवेन्द्र पाण्डेय आदि ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा "रामधुन" एवं भजन की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी आर0एन0 यादव, मो0 अनीस, धर्मेन्द्र ओझा सहित अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे के सुरक्षा बल ने ट्रेनो मे चोरी-उच्चक्कागिरी गिरोह के सरगना सहित तीन महिलाओं को धर-दबोचा

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी।रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने मे निरन्तर प्रयासरत है। ऐसे मे रेलवे सुरक्षा बल ने गाड़ी संख्या-14523 की चेकिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा बल गाजीपुर सिटी, सीआईबी वाराणसी एवं राजकीय रेल पुलिस गाज़ीपुर सिटी द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत संयुक्त रूप से निगरानी एवं चेकिंग के दौरान मिली सूचना के आधार पर यात्री सामानों की चोरी करने वाली 3 महिला अपराधियों श्रीमती सीमा पत्नी राजन निवासी अमदही थाना जहानागंज जिला मऊ उम्र 30 वर्ष,श्रीमती मनीषा पत्नी रामलखन निवासी ताजपुर थाना चिरैयाकोट जिला मऊ उम्र 25 वर्ष तथा श्रीमती पुलू पत्नी राज निवासी ताजपुर थाना चिरैयाकोट जिला मऊ उम्र 21 वर्ष से चोरी किये गए सामान एक अदद सोने का मंगलसूत्र कीमत करीब 40000/- रुपये बरामद किया गया।पूछताछ में पता चला है कि यह महिलाएं कई जगह अपराध कारित कर चुकी है। बताया जाता है कि इस गिरोह के इनके अपराध का तरीका यह था कि भीड़-भाड़ वाले सभी रेलवे स्टेशन पर जाकर सीसीटीवी से छुपने के लिए बुर्का पहन कर ट्रेन में किसी महिला यात्री के चढ़ते समय भीड़ भाड़ करते हुए गले से जेवर और पर्श से नगद और कीमती सामान निकाल लेना और तुरंत दूसरे को पकड़ा कर बाथरूम में जाकर बुर्का उतार लेना ताकि पहचान न हो पाए। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि उक्त पकड़ी गई महिलाएं एक गैंग के रूप में अन्य कई महिलाओं और पुरुष के साथ सक्रिय होने की मुखबिरी हुई है। जिसमे एक मऊ जिला के वकील की भी भूमिका काफी संदिग्ध है।लिहाजा एडीजी जीआरपी की टीम उक्त से पूछ ताछ के लिए गाज़ीपुर आ रही है। उक्त महिलाओं के विरुद्ध राजकीय रेल पुलिस द्वारा/गाज़ीपुर सिटी अपराध संख्या- 42/22 ले/ 379, 411, 414 सीमा आदि दिनाँक - 7.10.22 को पंजीकृत किया गया है।

बलिया मे बाइक चला रहा था पति पीछे बैठी पत्नी को झपट ले गई मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

बलिया।राष्ट्रीय राज मार्ग 31 पर बैरिया थाना क्षेत्र के चांद दियर पुलिस चौकी के पास रविवार को मोटर साइकिल की पहिया में साड़ी फंसने से गिरकर एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दे कि सुभावती देवी (36) पत्नी बबन यादव (निवासी चांद दियर) को कान में कुछ समस्या थी। कान का इलाज कराने के लिए वह अपने पति के साथ बाइक पर बैठकर छपरा के लिए रवाना हुई थी। गांव से कुछ ही दूर एनएच 31 पर उनकी साड़ी बाइक के पहिया में फंस गई, और बाइक से गिर कर सड़क पर बुरी तरह घायल हो गई। उन्हें परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबारसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए मऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

समूह के द्वारा गरीब ग्रामीण महिलाओं को सक्षम और प्रभावशाली बनाया जा सकता है

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी।विकास खण्ड के हरहुआ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला ग्राम विकास संस्थान परमानंदपुर में चल रहे नौ दिवसीय आईसीआरपी प्रशिक्षुओं का आवासीय प्रशिक्षण आज रविवार 2अक्टूबर को तिरंगा फहरा कर सलामी के संग समाप्त हुआ । जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने बरहनी, चहनियां, चन्दौली तथा धानापुर ब्लाक से चयनित 57 आईसीआरपी (एसएम/बीके) को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि आजीविका-एनआरएलएम का मुख्य उददेश्य गरीब ग्रामीणों को सक्षम और प्रभावशाली संस्थागत मंच प्रदान कर उनकी आजीविका में निरंतर वद्धि करना है।वित्तीय सेवाओं तक उनकी बेहतर सरल तरीके से पहुंच बनाना और उनकी पारिवारिक आय को बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त गरीब जनता को अपने अधिकारों और जनसेवाओं का लाभ उठाने में, तरह तरह के जोखिम उठाने में और सशक्तिकरण के बेहतर सामाजिक संकेतकों को समझने में मदद मिलेगी। आजीविका-एनआरएलएम इस बात में विश्वास रखता है कि गरीबों की सहज क्षमताओं का सदुपयोग हो और देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में उनका योगदान हो। जिसके लिए उनकी सूचना, ज्ञान, कौशल, संसाधन, वित्त तथा सामूहिकीकरण से जुड क्षमताएं विकसित की जा सके। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षक टीम द्वारा फ्लिप चार्ट , समूह गीत, सामुदायिक खेल प्रोजेक्टर प्रस्तुतिकरण ,रोल प्ले के माध्यम से गरीब कौन ,गरीबी के कारण, सामाजिक मानचित्रण सहभागिता द्वारा गरीबों की पहचान प्रकिया , समूह गठन प्रक्रिया, समूह के आवश्यक दस्तावेज सहित बैंक खाता खोलने हेतु जरूरी दिशा निर्देश के बारे में जानकारी दी गयी।

गांधी जी के बातों से छात्राओं व युवाओं को मिलती है प्रेरणा डॉ राघवेंद्र नारायण सिंह

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी। बड़े सरल स्वभाव के थे गांधीजी आज के युग में उनके बातों पर युवा व युक्तियां रखे ख्याल। हरहुआ स्थित बैजलपट्टी राजेश्वरी महिला महाविद्यालय में रविवार दो अक्टूबर को महाविद्यालय परिसर में गाँधी और शास्त्री जी की जयन्ती मनाई गई। प्रबन्ध निदेशक व साहित्यकार डॉ राघवेन्द्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गाँधी और शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात डॉ सिंह ने दोनों महापुरुषों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा किये गये योगदान की विशद चर्चा की। महात्मा गाँधी की तुलना वटवृक्ष से करते हुए उन्होंने उनके व्यक्तित्व को बहुआयामी और दर्शन को सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक बतलाया।गांधी का दर्शन आज और भी महत्वपूर्ण हो गया है जब हम विश्व में हर तरफ युद्ध का उद्घोष सुन रहे हैं। गाँधी जी समन्वयवादी थे। और शान्ति और वार्ता के जरिये वे विश्व की समस्याओं का समाधान चाहते थे। गाँधी का बहुआयामी व्यक्तित्व उनके विचारों और कार्यों से परिभाषित होता था। उनका सत्याग्रह का सिद्धान्त आज भी व्यावहारिक है। इसी तरह अपने अहिंसा ,स्वदेशी, स्वावलम्बन,ट्रस्टीशिप , स्वराज, ग्राम्सावास स्वराज जैसे सिद्धान्तों में गाँधी जी के महान व्यक्तित्व और चिन्तन की उपस्थिति हमें मिलती है। डॉ राघवेन्द्र नारायण सिंह ने लालबहादुर शास्त्री जी की ईमानदारी सत्य निष्ठा,देशभक्ति, समर्पित सेवाभाव और अटूट इच्छाशक्ति की विशद चर्चा करते हुए उनके चरित्र को अनुकरणीय बतलाते हुए उन्हें देश का सच्चा सपूत बतलाया। जय जवान जय किसान का उद्घोष उनकी वैचारिक किसानों और सैनिकों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त है। डॉ संतोष श्रीवास्तव,डॉ इकबाल अहमद,प्रियंका सिंह, श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव ,अमित सिंह ,रिचा तिवारी ,बी एन पांडेय बसन्ती देवी ने शिरकत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शालिनी नाग और धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के उपनिदेशक अंशुमान सिंह ने किया।

हरहुआ बाजार की दुर्गा प्रतिमा झांकी यात्रा के साथ हुई सगरा तालाब में विसर्जित

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी। हरहुआ बाजार स्थित प्रगतिशील कार्यकर्ता संगठन की ओर से सप्तमी तिथि को स्थापित कर सविधि पूजन संग आम नागरिकों को दर्शन कराते हुए भव्य पूजन किया गया। वहीं दशमी तिथि को परमरागत रूप से भव्य झांकी निकालकर माँ को अंतिम यात्रा संग विदाई किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकी प्रभारी हरहुआ सचिन पटेल, उप निरी0 सूर्यप्रकाश पांडेय ,बाल मुकुंद पांडेय,सत्यानन्द कांस्टेबल पंकज सिंह,अंकित सरोज, विवेक , विनोद व पीयूष ने पूरी सतर्कता के साथ व्यापार मंडल हरहुआ व पूजन समिति के पदाधिकारियों के सहयोग से रात 8बजे सविधि पूजन संग सगरा तालाब में कराया।

बलिया की गंगा मे डूब माँ की आंखों के सामने ही ओझल हो गया बेटा

(आधुनिक समाचार सेवा)

बलिया।जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के गंगौली गांव निवासी राजू सिंह का 11 वर्षीय पुत्र सूरज सिंह अपने तीन भाइयों व मां के साथ ठोकर संख्या 27. 900 पर गंगा सनन कर रहे थे। इसी बीच तीनों भाई डूबने लगे। यह देखते ही घाट पर अफरा-तफरी मच गयी। घाट पर मौजूद एक युवती व महिला ने दो भाईयों को किसी तरह बचा लिया,लेकिन तीसरा भाई सूरज गहरे पानी में समा गया। वहीं पर कपड़ा साफ कर रही मां गंगा घाट पर दहाड़ मार कर रोने लगी।बता दें कि बैरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा केहरपुर गांव के पुरवा गंगौली गांव निवासी राजू सिंह की पत्नी रिंकू देवी अपने बड़े पुत्र अमन कुमार (15), अतुल कुमार (13), सूरज कुमार (11) व छोटे भाई कृष्णा सिंह की पुत्री आरुषि (13) को लेकर सुबह गंगौली गांव के समीप बने ठोकर संख्या 27.900 के पास सनन करने पहुंची थी। मां रिंकू देवी कपड़ा धो रही थी और तीनो भाई बगल में सनन कर रहे थे। इसी बीच तीनो डूबने लगे। बगल में सनन कर रही गंगौली गांव निवासी हरि शंकर शाह की पुत्री पूजा की नजर डूबते हुए लड़कों पर पड़ी तो वह बचाने के लिए आगे बढ़ी।डूब रहे बच्चों ने तेजी के साथ उसे पकड़ने का प्रयास किया, जिससे पूजा का भी संतुलन बिगड़ने लगा। वहीं, नेमी मल्लाह की पत्नी ने किसी तरह पूजा के साथ मिलकर दो बच्चों को तो बचा लिया, लेकिन सूरज गहरे पानी में समा गया। उधर मां रिंकू देवी बच्चों को डूबते देख चिल्लाने लगी, लेकिन आंखों के सामने ही गंगा मां ने रिंकू देवी के कलेजे के टुकड़े सूरज को छीन लिया। मां रिंकू देवी रोते-रोते बेहोश हो गई। किसी तरह महिलाओं ने रिंकू देवी को घर पहुंचाया। अचानक हुई इस हृदय विदारक घटना से हर कोई स्तब्ध है।सूरज के डूबने की सूचना जैसे ही घर पहुंची, कोहराम मच गया। ग्रामीण बड़ी संख्या में घाट पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बैरिया पुलिस के देने के साथ ही उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पर रामगढ़ पुलिस चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए। लेकिन घटना हलके से बाहर होने के कारण उन्होंने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पुलिस की मौजूदगी में सूरज को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है।

पूर्वोत्तर रेलवे के द्वारा घूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रेरणा लेकर भारत को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे

(आधुनिक समाचार सेवा)

वाराणसी।पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने आज रविवार को महात्मा गाँधी की 153 वीं जयंती के अवसर पर बनारस स्टेशन की सेकेण्ड इंट्री पर स्थित यात्री हाल में आयोजित समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण कर अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को स्वैच्छिक रूप से सफाई ,निवास एवं कार्य स्थल को स्वच्छ रखने एवं एकल उपयोगी प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बंद करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा 2014 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरम्भ इस सोच के साथ किया था की अपने देश के लोग जिस प्रकार विदेशों में स्वच्छता नियमों का पालन करते है।ठीक वैसा ही अपने देश मे भी लोग करें तो भारत में स्वच्छता कायम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम सभी सबसे पहले स्वयं को स्वच्छ रखें अपने मन को स्वच्छ रखें,अपने परिवेश को स्वच्छ रखें और अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखें तो भारत स्वयं स्वच्छ हो जाएगा।उन्होंने महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के इस अवसर पर उनसे प्रेरणा लेते हुए भारत को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देवें।इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पिछले 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर,2022 तक मंडल पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत आज गांधी जयन्ती के अवसर पर बनारस स्टेशन पर लगाई गई स्वच्छता प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री संजय मिश्रा एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय द्वारा फीता काटकर किया गया।तदुपरान्त उन्होंने बनारस स्टेशन के नन्दी उद्यान में अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान किया।इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु एवं 1 श्रेणी में मऊ स्टेशन, ँ श्रेणी में गाजीपुर सिटी स्टेशन, सर्वोत्तम व्यवस्थित रेलगाड़ी में 12581/ 12582 बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस सर्वोत्तम व्यवस्थित कार्यालय में बनारस कोचिंग डिपो तथा सर्वोत्तम व्यवस्थित रेलवे आवासीय कालोनी में अधिकारी रेलवे कालोनी के लिए विजेताओं को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस दौरान स्वच्छता अभियान में अहम योगदान करने वाले मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वाराणसी सिटी डॉ0 डी नारायण गुप्ता एवं बनारस कोचिंग डिपो अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदइस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी , अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)एसपी.एस.यादव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण व हाउस कीपिंग प्रबंधन)आलोक केशरवानी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) ए0 के0 सक्सेना,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण) आरएन0 सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम ऋषि श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ऑपरेशन)अनिल श्रीवास्तव, मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन) दुष्यन्त सिंह समेत अन्य मंडलीय अधिकारीयों ने भी महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्पांजली समर्पित कर एवं वृक्षारोपण में योगदान कर स्वच्छता के प्रति समारोह के इसी क्रम में वाराणसी मंडल के अधिकारी क्लब में पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय,मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुजाता पाण्डेय एवं कार्यकारिणी की सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला संघ वाराणसी के सदस्यों द्वारा प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(पर्यावरण व हाउसकीपिंग प्रबंधन)आलोक केशरवानी ने किया। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्कअधिकारी अशोक कुमार के अनुसार गाँधी जयन्ती के दौरान वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर भारत स्काउट एन्ड गाइड जिला संघ वाराणसी के सदस्यों की मदद से स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई साथ ही यात्रियों को नुक्कड़ नाटकों के मंचन के जरिये भी स्वच्छता बरतने हेतु जागरूक किया गया और राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यूनिटों में स्वच्छता शपथ दिलाई गई और इन पर कार्यरत्त कर्मचारियों को एकल उपयोगी प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई गई।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

सम्पादकीय

सुप्रीम कोर्ट के एक सही फैसले की गलत व्याख्या क्या महिलाओं को है कई संबंधों का अधिकार

बहुत साल पहले प्रोतिमा बेदी का इंटरव्यू पढ़ा था। उन्होंने कहा था कि कबीर बेदी से उनकी शादी इसी शर्त पर हुई थी कि उन दोनों के जीवन में कोई बंधन नहीं होगा। हालांकि यह शादी बहुत दिनों तक चल नहीं सकी थी। यदि हम यह मान भी लें कि स्त्रियां और पुरुष चाहे जितने संबंध रखें तो चलेगा, तो इस 'चलेगा' में यह कोई नहीं बताता कि ऐसे संबंधों में आज भी सारी मुसीबतें महिलाओं के हिस्से ही आती हैं। डाक्टरों का कहना है कि मल्टीपल पार्टनर्स का मतलब है, तमाम तरह के यौन रोग। इसके अलावा परिवार में यदि बच्चे हैं, तो उन्हें कैसे संभालेंगे? फिर यदि ऐसे संबंधों से कोई संतान हो, तो उसका पालन-पोषण कैसे होगा।पिछले दिनों यह खबर आई कि दिल्ली से गोरखपुर जा रही युवती को जब रास्ते में प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो अलीगढ़ स्टेशन पर उतारकर पुलिस उसे अस्पताल ले जाने लगी। रास्ते में ही उसने बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल पहुंचकर उसने बच्चे को अपनाने से इन्कार कर दिया। उसका कहना था कि वह अकेली है और बेरोजगार भी। एक बच्चा जो इस दुनिया में आने के लिए जिम्मेदार नहीं है, वह माता-पिता के होते हुए भी अनाथ हो गया। यह कहानी तो प्रकाश में आ गई, लेकिन ऐसी कहानियां अपने यहां हर रोज बनती हैं। महिलाओं को इस तरह के संबंधों का सारा बोझ उठाना पड़ता है। इस मामले में उनकी स्थिति बहुत दयनीय है।हाल में उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला दिया कि गर्भपात के लिए यह नहीं देखा जाना चाहिए कि लड़की शादीशुदा है या नहीं। यह उसका अधिकार है कि वह बच्चे को जन्म देना चाहती है या नहीं? यह फैसला अच्छा है कि कम से कम वे बच्चे नहीं जन्मेंगे जो या तो कूड़े के ढेर पर फेंक दिए जाते या अनाथालय में पलते हैं। जबसे यह फैसला आया है, तबसे अंग्रेजी मीडिया में तमाम साधन-संपनन्न महिलाएं इसके पक्ष में लिख रही हैं। वे कह रही हैं कि इस फैसले से शरीर पर उनका अधिकार सिद्ध हुआ है। वे शादीशुदा हैं या नहीं, इससे उनके यौन जीवन पर सवाल करने का अधिकार किसी को नहीं है। इन महिलाओं के ऐसे लेखों से कोई आश्चर्य नहीं, क्योंकि जिनके पास पद और पैसे की ताकत है, वे हर बात को अपने पक्ष में मोड़ सकते हैं।हालांकि ऊपर जैसा उदाहरण एक अविवाहित युवती का दिया गया, वैसी स्थितियों से न जाने कितनी लड़कियां गुजरती हैं। अपने देश के दूरदराज वाले इलाकों में न तो इतनी चिकित्सा सुविधाएं हैं, न ही लोगों का सोच ही कि वे लड़कियों के अविवाहित होने या शादीशुदा होने पर किसी और के बच्चे के गर्भपात कराने को मानवीय दृष्टि से देख सकें। अक्सर जब कोई अविवाहित लड़की ऐसे दुष्चक्र में फंसती है, तो उसे तमाम आफतों से गुजरना पड़ता है। कई बार तो अपनी जान भी दे देती है। ऐसे विचारों से उन लंपट लोगों की भी बन आती है, जो अपने जाल में लड़कियों और विवाहित महिलाओं को फंसाते हैं। फिर उनके वीडियो बनाकर भी तरह-तरह से ब्लैकमेल करते हैं।कोई कह सकता है कि चूंकि समाज का सोच ऐसा है कि पुरुष महिलाओं को परेशान करते हैं, तो क्या अपने प्रगतिशील सोच को बदल दिया जाए। कानून में कोई सुधार ही न हो। दरअसल, बात ही यही है कि सिर्फ कानूनों से अगर समाज बदलता होता तो अब तक दहेज और घरेलू हिंसा तथा यौन प्रताड़ना कब की खत्म हो गई होती, लेकिन हम देखते हैं कि जैसे-जैसे ब्रांड का जोर बढ़ा है, तरह-तरह के उत्पाद बाजार में आए हैं, तो वे सबके सब दहेज में जुड़ते चले गए हैं। यह देखना भी कोई कम दिलचस्प नहीं कि एक ओर तलाक बढ़ रहे हैं, तो दूसरी ओर यह सोच कि शादी तो जीवन में एक बार ही होती है, इसलिए ऐसी होनी चाहिए कि कभी किसी की न हुई हो। ये 'कभी नहीं हुई हो' का सोच ऐसा है कि शादियों के खर्चे का बोझ उठाते माता-पिता की कमर टूट जाती है। वे कर्ज के ऐसे मकड़जाल में फंस जाते हैं कि जीवन भर उससे पार नहीं पा पाते। इसकी कीमत परिवारों को लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। अगर महिला अपने शरीर पर अपना अधिकार जताती है, तो यह उसका हक भी है, लेकिन यह भी सोचा जाना चाहिए कि संसार में हम अकेले नहीं होते। हमेशा दूसरों के साथ चलना पड़ता है। फिर चाहे वह घर हो या दफ्तर। जितनी जगह हमें चाहिए, उतनी ही दूसरों को देनी पड़ती है। यदि कोई महिला अपने तमाम संबंधों को अपना अधिकार समझती है, तो वह उन पुरुषों को भी कैसे रोक सकती है, जो उसके आसपास हैं।कई राज्यों में विधानसभा उपचुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद दिसंबर में गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। कई राज्यों में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव होने हैं। इस प्रकार देखें तो भारतीय राजनीति चुनावमय हो गई है। क्या चुनाव ही अभीष्ट हैं? क्या नेताओं, दलों और जनता के पास और कोई काम नहीं? क्या दलों का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना मात्र है? लोकतंत्र और राजनीति का अति-चुनावीकरण वर्जित है। प्रख्यात विधिवेत्ता नानी पालकीवाला के अनुसार, 'चुनाव लोकतंत्र की धड़कन हैं। यदि वे बहुत जल्दी-जल्दी होते हैं या बहुत देर में होते हैं, तो दोनों ही खतरे का संकेत हैं।'हमारे लोकतंत्र में हर समय चुनाव होना खतरे की घंटी तो नहीं जब लोकतंत्र सत्तामूलक और चुनाव केंद्रित है, तब नेताओं का ध्यान शासन में कैसे लगेगा वे हमेशा चुनाव में व्यस्त रहते हैं। जिन दलों के पास अपना कैडर नहीं, उनकी समस्या और जटिल है।

शिवसेना का चुनाव चिन्ह हो सकता है फ्रीज, दुनिया विश्वयुद्ध के करीब- बाइडन का बड़ा बयान

शुक्रवार को देश और दुनिया में कई ऐसा घटनाएं घटी जिसने सुर्खियां बटोरी। आइए आज दिन-भर 10 बड़ी खबरों पर एक नजर डालते हैं। शिवसेना पर काबिज होने को लेकर शिंदे और उद्धव गुट के बीच लड़ाई थमती नहीं दिख रही। फिलहाल दोनों के बीच नया टकराव पार्टी के चुनाव चिन्ह 'तीर-धनुष' पर अधिकार को लेकर है। वहीं दूसरी तरफ यूक्रेन युद्ध से जुड़ी आशंका को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने जाहिर कर दिया है। बाइडन ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यूक्रेन में परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी से दुनिया विश्वयुद्ध के करीब पहुंच गई है। शिवसेना पर काबिज होने को लेकर शिंदे और उद्धव गुट के बीच लड़ाई थमती नहीं दिख रही। फिलहाल दोनों के बीच नया टकराव पार्टी के चुनाव चिन्ह 'तीर-धनुष' पर अधिकार को लेकर है। इसे लेकर शिंदे गुट पहले ही अपना दावा चुनाव आयोग के सामने ठोंक चुका है। साथ ही राज्य के अंधेरी पूर्व विधानसभा के होने वाले उपचुनाव में उन्हें तीर-धनुष चुनाव चिन्ह आवंटित करने की मांग की है। यूक्रेन युद्ध से जुड़ी आशंका को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने जाहिर कर दिया है। बाइडन ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यूक्रेन में परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी से दुनिया विश्वयुद्ध के करीब पहुंच गई है। विश्वयुद्ध छिड़ने की गंभीर आशंका शीतयुद्ध काल में क्यूबा में सोवियत मिसाइलों की तैनाती को लेकर पैदा हुए तनाव के बाद पहली बार उपजी है। बाइडन ने कहा है कि पुतिन यूक्रेन में हो रही हार की बेचैनी में वहां पर परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने धर्मांतरित दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने पर अध्ययन करने के लिए एक आयोग गठित किया है। इसके लिए सरकार ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालाकृषणन की अध्यक्षता में तीन

सदस्यीय आयोग गठित किया है। सेवानिवृत आइएएस रविन्दर कुमार जैन व यूजीसी की सदस्य प्रोफेसर (डाक्टर) सुषमा यादव सदस्य होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत प्रत्येक क्षेत्र में नित नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है। कभी उपेक्षित रहे खेलों में भी पूरे देश में तेजी के साथ प्रगति हो रही है। अब तक प्रयागराज की पहचान संगम नगरी के रूप में रही है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों के चलते इस जनपद का नाम था। महर्षि भरद्वाज ने पहले गुरुकुल की स्थापना इसी पावन धरा पर की थी। दुनिया के सबसे बड़े उच्च न्यायालय के रूप में इस धरती को जाना जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों की मेरिट भी प्रयागराज के महत्व को कई गुना बढ़ाता है। अब इन से अलग प्रयागराज खेल के क्षेत्र में भी देश और दुनिया में नाम रोशन कर रहा है। जन सुराज पदयात्रा के छठे दिन प्रशांत किशोर ने नौवीं पास लालू पुत्र पर पर तंज कसा। महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा कि लालू जी का लड़का नौवीं पास है और वह उपमुख्यमंत्री हैं, अगर आपका बच्चा नौवीं पास होगा तो क्या उसे चपरासी की भी नौकरी मिलेगी ऐसी व्यवस्था बदलनी चाहिए। प्रशांत किशोर जमुनिया से मैनाटांड़ के डमरापुर के लिए निकले। करीब पंद्रह किलोमीटर यात्रा के क्रम में जमुनिया बाजार, कटराव और धनौजी गांवों में लोगों से संवाद किया। उन्हें लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं। ईरान ने शुक्रवार को मेडिकल रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि महसा अमिनी की मौत बीमारी से हुई थी न कि हिरासत के दौरान किसी तरह की मारपीट से। बता दें कि ईरान में महिलाओं का हिजाब पहनना अनिवार्य है। इसके लिए यहां कानून भी है जिसके उल्लंघन के आरोप में महसा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ चल रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले ही मैच में अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से क्रिकेट फैंस के मन जीत लिया। संजू सैमसन को पहली बार भारतीय धरती पर वनडे इंटरनेशनल मैच खेलने का मौका मिला और इस मैच में उन्होंने अपने वनडे करियर की बेस्ट पारी भी खेल डाली और इस पारी के दम पर उन्होंने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और रिषभ पंत के रिकार्ड को भी तोड़ दिया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत में डिजिटल मुद्रा का परीक्षण करने के लिए सीमित उपयोग के साथ जल्द ही ई-रुपये का पायलट लॉन्च शुरू करेगा। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी पर एक कॉन्सेप्ट नोट में आरबीआई ने कहा कि इस तरह के पायलट लॉन्च की सीमा और दायरे का विस्तार होने के साथ घ् समय-समय पर ई-रुपये की विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी देता रहेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस शुक्रवार को फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बार ट्रैक पर गाय आ गई। इससे पहले गुरुवार को ट्रैक पर भैंसों का झुंड आ गया था। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई से करीब 432 किलोमीटर दूर आणंद के पास शुक्रवार दोपहर 3.48 बजे गांधीनगर-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस गाय से टकरा गई। ट्रेन को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। ट्रेन के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्रभास और सैफ अली खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आदिपुरुष' पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में रिलीज हुए टीजर के बाद तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वो सोशल मीडिया पर खुलकर फिल्म का विरोध कर रहे हैं। इसी बीच आदिपुरुष का डायलॉग लिखने वाले मशहूर गीतकार मनोज मुंतशिर अब फिल्म के बचाव में उतर आए हैं। उनका कहना है कि फिल्म में कुछ भी गलत नहीं है फिर यह हंगामा क्यों।

निर्माणपरक कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाय अन्यथा होगी कार्यवाही

जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों,50 लाख रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। इसमें परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0 सी0 शर्मा,जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, डीसी एनआरएलएम एन0एन0 मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुये पीओ डूडा को निर्देशित किया गया कि पूर्व में बने हुये डीपीआर के अनुसार अवशेष आवासों को पहले प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत पेयजल, बालक एवं बालिका शौचालय तथा फर्श मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार जिन विद्यालयों में सुविधा नही है वहां पूर्ण कराया जाये। सहकारी समितियों में कायाकल्प चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों की निरन्तर निगरानी करते रहे, गो संरक्षण केन्द्रों पर चारा, पानी, प्रकाश, पशुओं के स्वास्थ्य आदि की समुचित व्यवस्था बनाये रखे। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत गोवंश के पशुपालक को समयानुसार धनराशि भेजी जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया है कि जून तक पेमेन्ट हो चुका है आगे की कार्यवाही की जा रही है। लम्पी की टीका पशुओ को लगाया जा रहा है। स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते कार्यदायी संस्थाओं द्वारा दी गयी अनुपालन आख्या सन्तोषजनक नही पाये जाने पर निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थायें जांच रिपोर्ट में दी गयी कमियों को दूर कराकर अनुपालन आख्या जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायें। पालीटेकिन्क कालेज की धीमी प्रगति पर एवं कलेक्ट्रेट में बन रहे शेडों के निर्माण में अत्यधिक विलम्ब किये जाने पर जिलाधिकारी ने नराजगी व्यक्त करते हुये परियोजना प्रबन्धक सीएनडीएस तथा लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-2 अधिशासी अभियन्ता

सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मनरेगा की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी डीसी मनरेगा को निर्देशित किया किया ऐसे गांवों का चयन किया जाये जिसमें मनेरगा योजना की धनराशि का कनवर्जन करके तालाब, नाली, खड़न्जा तथा अन्य कार्य कराकर उन्हें मनरेगा गांव के रूप में चिन्हित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुये गतवर्ष के अपूर्ण आवास 15 दिनों के अन्दर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुये विकास खण्ड कुण्डा एवं कालाकांकर में समूह गठन के खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि इस विकास खण्ड में अभियान चलाकर लक्ष्य की पूर्ति करायें ताकि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि वर्ष 2020-21 में 7 निर्माणाधीन परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर तक पूर्ण योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के दृष्टिगत जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करें। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं के कार्यो की गुणवत्ता पर नजर रखने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंचायत भवनों एवं सामुदायिक शौचालयों पर विद्युत कनेक्शन कराया जाये इस हेतु सम्बन्धित विभाग विद्युत कनेक्शन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। स्कूलों के ऊपर जो भी विद्युत तार है उसे हटवाया जाये इस हेतु लिस्ट बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्युत विभाग को उपलब्ध करा दी जाये। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान के जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन सड़कों पर गड्ढे हो गये है उसे जल्द से जल्द गड्ढामुक्त किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु हुये जिलाधिकारी ने पीएमजीईपी योजना के अन्तर्गत बैंकों के ऋण वितरण में विलम्ब किये जाने से नाराजगी व्यक्त की और उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय कर लम्बित ऋण पत्रावलियों को निस्तारित करायें ताकि लाभार्थी समय से ऋण प्राप्त कर अपना उद्यम शुरू कर सके। पेंशन खातों को आधार कार्ड से जोड़े जाने की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी अभियान चलाकर आधार फीडिंग कराये जाने का निर्देश दिया। इसी तरह से सामाजिक वानिकी, मत्स्य सम्पदा योजना, आईजीआरएस, कन्या सुमंगला योजना, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।मुख्य चिकित्साधिकारी का निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपने अवर अभियन्ता से सर्वे करा लें और जो पूर्ण हो चुके उन्हें तत्काल हस्तान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने 10 करोड़ से अधिक परियोजनाओं की समिति द्वारा करायी गयी जांच के सम्बन्ध में को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विभिनन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये खेल स्टेडियम, गौशाला निर्माण, इंजीनियरिंग कालेज, नवीन नगर पंचायत भवन, आवासीय एवं अनावसीय भवनो के निर्माण, आई0टी0आई0 कालेज, ट्रांजिस्ट हास्टल, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, आंगनबाड़ी भवन आदि की समीक्षा। अन्त में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि जनपद स्तरीय अधिकारी अपने विभाग द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं/कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता सहित पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

इंग्लैड तक कैसे पहुंचा सांप्रदायिक तनाव

सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जाना जाने वाला मध्य इंग्लैंड का शहर लेस्टर सांप्रदायिक तनाव की वजह से चर्चा में है। लंदन से लगभग 150 किमी उत्तर और बर्मिंघम से 50 किमी पूर्व में बसे इस शहर में ताजा जनगणना के अनुसार लगभग दो लाख भारतीय और दस हजार पाकिस्तानी प्रवासी हैं। भारतीय प्रवासियों में से लगभग एक लाख मुसलमान, 75 हजार हिंदू और 25 हजार सिख हैं। शहर की कुल आबादी साढ़े पांच लाख है। भारत में विभाजन की विभीषिका से और पूर्वी अफ्रीकी देशों की हिंसा से जाना जाता है। इसी सड़क के मेल्टन रोड वाले छोर पर 28 अगस्त की शाम एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद हिंदू और मुस्लिम खेलप्रेमियों के बीच टकराव हुआ इंग्लैंड के शहरों में खेलप्रेमियों के बीच तनातनी और नारेबाजी कोई नई बात नहीं। फुटबाल मैचों के साथ भारत-पाक क्रिकेट मैचों के बाद भी नारेबाजी होना आम बात है, लेकिन 28 अगस्त और उसके बाद के तीन हफ्तों में जो हुआ, उसने लेस्टर ही नहीं, पूरे मध्य इंग्लैंड के शहरों को चिंता में डाल दिया है। 28 अगस्त को मैच के बाद भारत समर्थक

भाग कर आने के बावजूद लेस्टर में आकर लोगों ने पुराने वैमनस्य भुलाकर मिल-जुलकर रहना शुरू किया कुछ ही दशकों के भीतर भारतीय प्रवासियों को लेस्टर के समृद्ध समुदाय के रूप में देखा जाने लगा। कभी मजदूरों की बस्ती कहा जाने वाला बेलग्रेविया लेस्टर का सबसे समृद्ध जौहरी बाजार बन गया, जिसे पूरे मध्य इंग्लैंड में 'गोल्डन माइल' के रूप में जाना जाता है। गोल्डन माइल की दीपावली को विदेश की सबसे भव्य दीपावली के रूप में क्रिकेट प्रेमियों के एक गुट ने भारतीय ध्वज के साथ बेलग्रेव रोड पर विजय जुलूस निकाला। जुलूस में मुख्यतः हिंदू थे और हिंदुस्तान जिंदाबाद और वंदे मातरम् के नारे लगा रहे थे। इस जुलूस के विरोध में मुस्लिम खेलप्रेमियों ने भी एक जुलूस निकाला प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अचानक एक व्यक्ति ने भारतीय ध्वज छीनकर नीचे गिरा दिया। लोगों को लगा कि भारतीय झंडे का अपमान करने वाला पाकिस्तानी ही होगा, इसलिए उसकी पिटाई की और फिर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

नई तरह की राजनीति के इंतजार में देश, प्रलोभन देकर वोट हासिल करने के तरीके में लाना होगा बदलाव

सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु राज्य मामले में 5 जुलाई, 2013 को सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह आदर्श आचार संहिता में ऐसा प्रविधान करे, जिससे राजनीतिक दल अनर्गल लोकलुभावन घोषणाएं न करें। न्यायालय ने कानून बना कर राजनीतिक दलों पर नियंत्रण का भी सुझाव दिया। आयोग ने सभी दलों से परामर्श कर 2013, 2014, 2015 और 2019 में कुछ कदम उठाए, किंतु वे अपर्याप्त रहे। बीते दिनों

आयोग ने इस संबंध में नए प्रस्तावों पर सभी दलों से 19 अक्टूबर तक राय मांगी है। लगता है आम आदमी पार्टी ने 'तमिलनाडु माडल' अपना लिया है। मुफ्तखोरी वाली योजनाओं के दम पर पहले दिल्ली और फिर पंजाब में अपनी सरकार बनाई। मुफ्तखोरी की राजनीति उसी तरह घातक है, जैसे परीक्षा में नकल करके पास होना। नकल से अंतः छात्र का ही नुकसान होता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से जनता, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक दलों का भी नुकसान होता है। सत्ता लोभ में वे नहीं देखते कि संसाधन कहां से आएंगे क्या जनता उसका बोझ सह पाएगी जैसे-जैसे नेता और दल जनता को मुफ्तखोरी की लत लगाएंगे, वैसे-वैसे मुफ्तखोरी की उसकी भूख बढ़ती जाएगी। फिर कोई मेहनत क्यों करेग जो समाज मेहनतकश नहीं, वह आगे कैसे बढ़ेगा ऐसे में दलों को जनता में परिश्रम-पुरुषार्थ के संस्कार प्रतिरोपित करने चाहिए। आम आदमी तो बहुत स्वाभिमानी है। उसे मुफ्तखोरी का आदी मत बनाइए। पाटियां शासन करें, विकास करें, लोक कल्याण करें और गरीबों के प्रति संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करें, लेकिन जनता के आत्मसम्मान पर आघात कर उसे समाप्त न करें। आज राजनीतिक दलों के पास एजेंडे का अकाल है। उनका ध्यान सत्ता प्राप्त करने या सत्तारूढ़ दल को गिराने पर है। वे नहीं बताते कि सत्ता मिलने पर उनके पास विकास की क्या वैकल्पिक योजना होगी उनके पास कितने योग्य लोग हैं अधिकांश दलों में आपराधिक किस्म के लोगों की आवक हो रही है, जो केवल अपना हित चाहते हैं। उन्हें न अपने कार्य का ज्ञान है, न ही उसमें कोई रुचि।

विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण
हे पुरुषसिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण,
आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर,
तुम वरो विजय संयत प्राणों से प्राणों पर।
रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सका त्रस्त
तो निश्चय तुम हो सिद्ध करोगे उसे ध्वस्त,
शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन।
छोड़ दो समर जब तक न सिद्धि हो, रघुनन्दन
महाकवि निराला

होगी जय, होगी जय के विश्वास के साथ शक्ति की मौलिक कल्पना के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं.

राग विराग
अध्यक्ष
राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज

संक्षिप्त समाचार

नोएडा स्टेडियम मे लंका दहन का मंचन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में आज शबरी से प्रभु श्री राम जी का मिलना,हनुमान जी का श्री राम से मिलना,सुग्रीव से श्री राम जी की मित्रता बाली का बध ,लंका दहन,की लीला का मंचन किया गया

जिसमे समिति के चेयरमैन टी एन गोविल,जी,अध्यक्ष टी एन चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज,महासचिव संजय बाली जी ,कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग, शुभकरण राणा जी, रमेश जी, अनिल गुप्ता, मित्रा शर्मा, डॉक्टर एस पी जैन,एन के अग्रवाल जी, सौरभ गोविल,रविन्द्र गुप्ता, अतुल वर्मा, शान सिंह,निखिल गुप्ता,इंदु यादव,संजय,गुप्ता, राजीव गर्ग जी,, विपिन बंसल,विनय शर्मा जी,राजीव अजमानी जी, कुलदीप गुप्ता,पवन सिंह,सुंदर सिंह राणा, वीरेश तिवारी,जनक भाटिया,राहुल बाली,,प्रमोद रंगा,चंद्रपाल सिंह,, प्रमोद अहल,राम बाबू गुप्ता,ममता सिंह,मीना ,,पुनीत शुक्ला, मनोज शर्मा,सुनील कुमार,तरुण अरोरा,आशीष, द्विवेदी, सोनू शर्मा,नीरज शर्मा,राम जी चंदेल,केएवम शहर के काफी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

प्रदूषण से निपटने को अलर्ट ग्रेटर नोएडा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण से निपटने के अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग व परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल को अपने एरिया में निर्माणाधीन इमारतों को कवर कराने, धूल वाले जगहों पर पानी का छिड़काव करने, एंटी स्मॉग गन लगवाने समेत कई निर्देश दिए है। सीईओ ने कॉल सेंटर नंबर भी जारी करने को कहा है, ताकि ग्रेटर नोएडा के निवासी कहीं भी प्रदूषण दिखे तो उसकी सूचना दे सकें।

समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क सहायक उपकरण के लिए किया जाएगा वितरण शिविर का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल वाई के निर्देशों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर के 6-14 आयु वर्ग के विशिष्ट आवश्यकता वाले (अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित) एलिम्को कानपुर के सहयोग से दिव्यांग बच्चों का सहायक उपकरण के लिए वितरण शिविर का आयोजन दिनांक 12-10-2022 को कम्पोजिट विद्यालय सादौपुर ब्लॉक दादरी गौतम बुद्ध नगर पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 2:00 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सहायक उपकरण का लाभ प्राप्त करने के लिए आयोजित शिविर में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता दर्शाते हुये 01-01 एवं पंजीयन के समय एलिम्को कानपुर द्वारा दी गयी पंजीकृत रसीद लाना अनिवार्य है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

मां शारदा स्व सहायता समूह करुआ के समिति प्रबंधक राम सिंह की लापरवाही से दर-दर भटक रहा किसान

(आधुनिक समाचार सेवा)

मैहर। मामला देहात क्षेत्र के मंगरौरा का है जहां पर कमलेंद्र सिंह पिता राम अवतार सिंह मंगरौरा जिसने मां शारदा स्व सहायता समूह करुआ





सोसाइटी के समिति प्रबंधक श्री राम के यहां 5 मई 2022 को 261 क्विंटल गेहूं का विक्रय किया था जिसका विक्रय मूल 525915 हुआ लापरवाही पूर्वक प्रबंधक द्वारा विक्रय किया गया अनाज की राशि आज तक किसान का भुगतान खाते में नहीं किया गया जिससे परेशान होकर किसान दर-दर भटक रहा है उसे आज कल करके भटका या जा रहा है गेहूं की राशि की कमी के कारण किसान ने धान की खेती की सही तरीके से नहीं कर पाया और ठीक तरीके से अपने परिवारजनों और बच्चों का पालन पोषण नहीं कर पा रहा इसी भी भीपरेशानी के कारण 19 सितंबर 2022 को माननीय कलेक्टर महोदय के यहां ज्ञापन भी दिया जिसकी जांच या कार्यवाही आज तक नही हुई कर्ज में डूबा किसान खून के आंसू रोते हुए दर-दर भटक रहा है।

नेत्रहीन का सहारा बूढ़ी मां, संदीप सरावगी ने उठाई आजीवन राशन की जिम्मेदारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

झाँसी। अलीगोल खिड़की बाहर मोहल्ला निवासी विमला देवी नामक महिला जिनके पति के देहांत के बाद सारा भार बूढ़े कंधों पर आ गया था। उनका एक बेटा है जिसकी आंखों की रोशनी जाने के बाद वह बुरी तरह से परेशान हो गयी। पूरी जिम्मेदारी बूढ़ी मां के ऊपर आ गई। लड़के की पत्नी व बच्चे उसे छोड़ कर चले गए। जैसे तैसे संसाधन जुटाकर गुजर बसर कर रही है। आज के युग में सर्वाधिक खर्चा दवाइयों का व घर का खर्च चलाना अकेली महिला के लिए मुश्किल होता जा रहा था। उक्त वृद्ध महिला ने संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचकर सारी समस्याओं को विस्तार से बताया। संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप सरावगी ने महिला को एक महीने का राशन दिया। डॉ0 संदीप सरावगी ने कहा हम आजीवन आपकी मदद के लिए तैयार है जो भी समस्या आपको आयेगी हमारी संस्था अपनी क्षमता अनुसार उसका निराकरण करने का प्रयास करेगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गहोई वैश्य समाज के पंच राजू गुप्ता रक्सा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष राज नारायण मिश्रा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल युवा के महानगर अध्यक्ष मनोज रेजा, राहुल मिश्रा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.विवेक वर्मा, संघर्ष सेवा समिति से राजू सेन, सुशांत गुप्ता, बसंत गुप्ता, महेश कुशवाहा, मोहन कुशवाहा, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

अगले वर्ष और भी भव्यता से होगा श्रीरामलीला का मंचन-मुन्ना कुमार शर्मा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्न कुमार शर्मा ने सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन

व श्रीरामलीला महोत्सव के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए नोएडा पुलिस, नोएडा प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण, मीडिया व नोएडावासियों को हृदय से धन्यवाद दिया है।उन्होंने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि आप सब के सहयोग व पूर्ण समर्थन के कारण ही महोत्सव पूर्णतः सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया है।उन्होंने कहा है कि मीडिया के लोगों के साथ-साथ समस्त नोएडावासियों ने रामलीला मंचन में बढ़चढ़कर भाग लिया है तथा समिति को अपना समर्थन व सहयोग प्रदान किया है।नोएडावासियों का सहयोग यह साबित करता है कि नोएडा एक सुसंस्कृत व सजीव शहर है।रामलीला मंचन व दशहरा उत्सव में लाखों लोगों की भागीदारी से आयोजन समिति का उत्साहवर्धन हुआ है।उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगले वर्ष श्रीराम मित्र मंडल नोएडा श्रीरामलीला का मंचन और भी भव्य तरीके से आयोजित करेगी। प्रभु राम की कृपा और शहरवासियों के सहयोग से हम लगातार भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का पुण्य कर्म करते रहेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि रावण, कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों के अतिरिक्त महंगाई, भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न का पुतला जलाकर हमने इन सामाजिक बुराइयों का पूरी तरह से सफाया करने का सन्देश दिया है।हमें सामाजिक बुराइयों को समाप्त कर रामराज्य स्थापित करना है।उन्होंने कहा कि रामराज्य की स्थापना होने से राष्ट्र और समाज की बुराइयों का अंत होगा और समाज में भाईचारा और खुशहाली बढ़ेगी।

खोये हुए 5 लाख रुपये वापिस मिलने पर व्यापारी ने नवाबाद पुलिस को दिया धन्यवाद

(आधुनिक समाचार सेवा)

झाँसी। जनपद के मनु विहार कॉलोनी निवासी चर्चित व्यापारी कैलाश राय 2 अक्टूबर के दिन अपने किसी निजी काम से अशोक तिराहे से टकसाल

की ओर जा रहे थे रास्ते में किसी जगह उनका रुपयों से भरा बैग गिर गया काफी खोजबीन के बाद जब बैग नहीं मिला तो व्यापारी अपने घर लौट गये। इसकी लिखित शिकायत उन्होंने दिनांक 6 अक्टूबर को नवाबाद थाने में दी, प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद इलाइट चौकी प्रभारी अश्वनी दीक्षित रुपयों की खोजबीन में जुट गये कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद नवाबाद पुलिस ने रुपयों से भरा बैग बरामद कर लिया। जिसकी सूचना व्यापारी को दी गई खोया हुआ, पूरा पैसा वापस मिलने पर व्यापारी ने नवाबाद पुलिस को धन्यवाद देते हुए कहा पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर पूरा 5 लाख रुपया बरामद कर लिया जिसके लिये मैं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और इलाइट चौकी प्रभारी अश्विनी दीक्षित का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। इस कार्यवाही में इलाइट चौकी प्रभारी के साथ आरक्षी के0के0 तिवारी, विजय करन और विनय कुशवाहा का विशेष योगदान रहा।

नोएडा सेक्टर 3 के कैमिकल फैक्टरी मे लगी भीषण आग

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। सेक्टर तीन के सी ब्लॉक स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग दोपहर करीब साढ़े तीन बजे लगी है। आग इतनी भीषण है कि इसका धुंआ कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता है। आग लगते ही फैक्ट्री और आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। आग में कोई फंसा है या नहीं, अभी इसका पता नहीं चल सका है। आग लगने की ये घटना सेक्टर-तीन स्थित टी सीरीज चौराहा और सेक्टर-दो फायर स्टेशन के बीच हुआ है। खबर लिखे जाने तक दमकल की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंची थीं। आग की लपटें काफी तेज हैं। आग लगने से आसमान में धुएं का गुबार फैल गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

गांधी जयंती पर बचपन बचाओ सेवा समिति एनजीओ ने स्कूल बैग और टी शर्ट वितरण कर बताया शिक्षा का महत्त्व

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा।गांधी जयंती पर बचपन बचाओ सेवा समिति की द्वारा वंचित बच्चो के बीच स्कूली बैग और टीशर्ट का वितरित किया गया है। सेक्टर-10 स्थित बी-4 से रविवार को बचपन बचाओ सेवा समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम को डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साह एवम नोएडा

प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया इस अवसर पर उनके हाथो समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए। स्कूल स्कूल बैग और टीशर्ट का गरीब एवम बंचित परिवारो के बच्चों में वितरण किया। इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ताओं एवम बच्चो द्वारा यातायात जागरूकता भी रैली निकाली गई जहां लोगो को यातायात नियमों का पालन करने की अपील किया गया। डीसीपी ट्रैफिक ने कार्यक्रम को अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य शिक्षा बिना अधूरा है,मनुष्य का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। शिक्षा पाकर हम हम किसी भी समस्या का मुकाबला कर सकते हैं। आईएएस आईपीएस अधिकारी हो या वकील, पुलिस सेवा, इंजीनियर डॉक्टर बनने के लिए विषय चयन, कारियर काउंसिलिंग करते हुए बच्चों को बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। इंदु प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा लोगों को सशक्त बनाती है और उन्हें काम के संबंधित क्षेत्रों में रहने और अनुभव के सभी पहलुओं में कुशल बनने में मदद करती है। शिक्षा एकमात्र मूल्यवान संपत्ति है जिसे मनुष्य हीं प्राप्त कर सकता है। शिक्षा एकमात्र आधार है जिस पर मानव जाति का भविष्य निर्भर करता है। हम सभी जानते हैं कि, शिक्षा हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। शिक्षा के बदौलत हम चांद पर पहुंच सकते हैं। आज के दौर में नौकरी या व्यवसाय हो,किसी भी कार्य को करने के लिए शिक्षा मूल आवश्यकता है। जीवन में आगे बढ़ना है तो शिक्षा जरूरी है। आज के दौर में दुनिया के हर क्षेत्र में शिक्षा आवश्यक है। सपा के पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने कहा कि शिक्षा सभी के जीवन में सकारात्मक विचार लाकर नकारात्मक विचारों को हटाती है। शिक्षित मानव को भौतिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक वातावरण में खुद को अनुकूल बना लेता है। भाजपा नेता श्रीमती सुनीता शारदा ने कहा कि शिक्षा की पहली शुरुवात बाल शिक्षा से होती है,पहला शिक्षा हम घर में सीखते है। सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील रीना राय ने कहा कि शिक्षा का पहला पाठ अपने घर विशेषकर माँ, पापा और घर में उपस्थित सभी लोगों से प्राप्त करते हैं। हमारे माता-पिता ही शिक्षा के महत्व को बताते हैं। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बचपन बचाव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश साह ने किया , बचपन बचाओ सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव गौरव कुमार ने मंच का संचालन किया वह आए हुए सभी लोगों का समिति की ओर से धन्यवाद दिया कार्यक्रम में गणेश प्रसाद साह डी.सी.पी. ट्रेफिक नोएडा, श्री इंदु प्रकाश ओ.एस.डी. नोएडा अथॉरिटी श्रीमती रीना राय अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय सुनील चौधरी वरिष्ठ नेता सपा श्रीमती शारदा चतुर्वेदी जी महिला मोर्चा भाजपा विक्रम शेट्टी जी व्यापार संघ नोएडा श्री सुभाष जबरिया जी, बचपन बचाओ सेवा समिति के गौरव कुमार राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शाह उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा जी कोषाध्यक्ष, प्रभाकर कुमार राय जी, श्रीमती राधा देवी जी शिक्षिका शहर के कई गणमान्य व्यक्ति जैसे कृष्णा शाह जी, हीरालाल गुप्ता जी, राजेश शाह जी, राम सहेली जी, प्रवीण शुक्ला जी, शिव कुमार राय जी, मुकेश शर्मा जी, विजेंद्र यादव जी, दिनेश दीक्षित जी, सुधीर कुमार जी, दलवीर जी, अशोक शाह जी, अजय जोहरी जी, रोहन शर्मा जी, सौरव शर्मा जी, मुरली शाह जी और यश वर्मा जी उपस्थित रहे।

चैरिटी मैच से की एसिड अटैक सर्वाइवर महिलाओं की मदद

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। एसिड अटैक से पीडित महिलाओं की आर्थिक मदद के लिए रविवार को सेक्टर-47 स्थित जागरण पब्लिक स्कूल के ग्राउंड पर एक चैरिटी मैच का आयोजन किया गया। मैच में एकत्र धनराशि को एसिड अटैक से पीडित महिलाओं को दिया गया। मैच में नोएडा मीडिया क्लब ने एकतरफा मुकाबले में नोएडा इलेवन को 83 रनों से हरा दिया। मैच का आयोजन नोएडा मीडिया क्लब और युवा क्रांति सेना की ओर से किया गया। नोएडा मीडिया क्लब के कप्तान लोकेश चौहान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में नोएडा मीडिया क्लब ने नौ विकेट खोकर 223 रन बनाए। टीम से अभिषेक ने 60, अंकित ने 38, गौरव ने 26 और लोकेश चौहान ने 15 रनों की पारी खेली। विपक्षी टीम से अतुल यादव ने तीन जबकि राजा,इरफान और सुमित शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। रणपाल अवाना को एक सफलता मिली। जवाब ने नोएडा इलेवन की टीम 10 ओवर में महज 140 रन बनाकर आलआउट हो गई। इरफान ने 31 और रणपाल ने 23 रनों की पारी खेली, लेकिन उन्हें टीम के अन्य बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिला। नोएडा मीडिया क्लब से गौरव,इंदर यादव, अमृत शर्मा और लोकेश चौहान ने दो-दो विकेट लिया। विजेता टीम को 31 और उपविजेता को 20 रुपये की राशि दी गई। यह राशि एसिड अटैक से पीडित महिलाओं को दी जाएगी। क्रिकेट मैच में सहयोगी एचआरडी ग्रुप के हर्ष राज द्विवेदी, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, प्रकाश अस्पताल के चेयरमैन वीएस चौहान, ललित ठकराल, मोहित त्रिपाठी, डीडी तिवारी, डीडी आरडब्लूए के अध्यक्ष एनपी सिंह, अधिवक्ता प्राप्ति झा, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, सुभाष चौहान, बीजेपी किसान मोर्चा के अध्यक्ष ओमवीर अवाना और विक्रम सेठी ने एसिड अटैक सर्वाइवर्स महिलाओं को 51000 रुपए का आर्थिक सहयोग किया।

रोजगार पर हमले के विरोध में एकजुट हुए वेंडर्स, सभा कर किया आंदोलन का ऐलान

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। प्राधिकरण द्वारा नियम कानूनों को ताक पर रखकर रेहड़ी पटरी फुटपाथ के दुकानदारों पर की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाई, आर्थिक शोषण, रोजगार पर हमला व उनका समान तोड़ने- फोड़ने/ जप्त करने के विरोध में पथ विक्रेताओं ने पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन गौतम बुध नगर के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, नोएडा झुग्गी झोपड़ी संयुक्त पुनर्वास मंच के अध्यक्ष रमाकांत सिंह, कोषाध्यक्ष सहाबुद्दीन के नेतृत्व में सेक्टर- 10, नोएडा बिजली घर पार्क में आमसभा किया जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तय करते हुए 12 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे नोएडा प्राधिकरण का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त का सूचना नोटिस 7 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे नोएडा प्राधिकरण को दिया जाएगा तथा 12 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन की तैयारी में रविवार 9 अक्टूबर 2022 को प्रातः 11:00 बजे सेक्टर- 10, नोएडा बिजली घर पार्क में आमसभा की जाएगी। सभा में वेंडर्स की मांगों पर प्रकाश डालते हुए मजदूर नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण वेंडर्स को उजाड़ना/ भगाने की कार्रवाई को तुरंत बंद करें! जिन वेंडर्स का अभी तक सत्यापन नहीं हुआ है उनका मौके पर सर्वे/ सत्यापन कर उनके कार्य स्थल के समीप वेंडिंग जोन बनाकर जगह दे तथा जिन वेंडर्स का सत्यापन हो गया है उनका शीघ्र ड्रा किया जाए! जो वेंडिंग जोन गलत जगह पर बनाए गए उन्हें वेंडर्स की सहमति से ऐसी जगह शिफ्ट किया जाए जहां वेंडर्स का कार्य चल सके! वर्तमान किराया राशि को कम कर प्रदेश की राजधानी में लिए जा रहे किराए के बराबर राशि तय की जाए तथा कोविड-19 से प्रभावित वर्ष 2020- 2021 का किराया माफ किया जाए जिन वेंडर्स का गलत तरीके से लाइसेंस निरस्त किया गया है उसे बहाल किया जाए! वेंडर्स द्वारा गलती करने पर लाइसेंस निरस्त करने से पहले उसे सुधार करने के लिए नोटिस दिया जाए सुधार ना होने पर ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई अपनाई जाए। सभा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

जनपद में वर्षा ऋतु की समाप्ति के उपरांत संक्रामक रोग के बचाव हेतु किया जा रहा है जन समुदाय में जनजागरूकता एवं विशेष सफाई अभियान तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

(आधुनिक समाचार सेवा)
मीरजापुर। 07 अक्टूबर 2022- मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार के निर्देशानुसार व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के मार्ग निर्देशन में वर्षा ऋतु की समाप्ति के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव, एवं झाड़िया प्रचुर मात्रा में हो जाती है, जिसके कारण जलजनित संक्रामक रोगों जैसे मलेरिया, टाइफाइड, ज्वर एवं डेंगू का प्रकोप ज्यादा होने की संभावना बढ़ जाती है । वर्तमान समय में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू रोग का प्रकोप ज्यादा है। उक्त के रोकथाम के लिए जन समुदाय में जनजागरूकता एवं विशेष सफाई अभियान तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फागिंग कराया जाना अति आवश्यक है। उक्त कार्य को सकुशल कराने एवं प्रत्येक दिन वाट्सऐप के माध्यम से कराये गये कायों की फोटोग्राफ हेतु मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस को निर्देशित किया जाता है कि सतत फागिंग एवं छिड़काव के कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी संयुक्त रूप से रणनीति बनाते हुए जनपद के 809 ग्राम पंचायतों के 1874 राजस्व ग्रामों में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के माध्यम से सफाई कर्मियों के द्वारा ग्राम पंचायतों के समस्त राजस्व ग्रामों, मजरों, मुहल्लों, शासकीय भवनों एवं विद्यालयों पर सघन सफाई अभियान तथा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा डेंगू से बचाव हेतु जन समुदाय को जागरूक किया जा रहा है।

स्थानीय डाला मलिन बस्ती में छोटे नन्हे मुन्हें बच्चों के द्वारा रावण दहन

(आधुनिक समाचार सेवा)
(सोनभद्र) डाला। मां हंसवानी युवा संघर्ष कमेटी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया बृहस्पति वार को देर शाम डाला नगर पंचायत के टोला डाला मलिन बस्ती में छोटे बच्चों के द्वारा रामायण के अध्याय रावण दहन का मां हंसवानी युवा संघर्ष कमेटी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर रावण को जलाया गया

जहां बच्चों ने राम सीता हनुमान राम की सेना सहित रावण मेघनाथ कुंभकरण सभी सैन्य शक्ति का भी प्रदर्शन किया गया और देर शाम लगभग 8:30 बजे के आसपास श्री राम ने रावण को अगिन्बाण से वध कर रावण दहन किया गया इस दौरान राम के रूप में शाहिद लक्ष्मण के रूप पियूष सिता के रूप में अंशु हनुमान के रूप आदित राम वानर सेना में शिवम मौर्या,शनि वहीं रावण के रूप में शिवम पासवान और सेना में आकाश, रवि ने किरेदार की भूमिका निभाई वहीं कमेटी के अध्यक्ष रोहित मंत्री आयुष महामंत्री अमन के नेतृत्व में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

निशुल्क कोचिंग सेंटर पर लोगों ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

(आधुनिक समाचार सेवा)
(सोनभद्र) डाला। स्थानीय नगर डाला के झापरहवा टोला में स्थित निशुल्क कोचिंग सेंटर पर लोगों ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर अहिंसा के रूप में मनाया जाने वाला राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी जी के जन्मदिवस पर आज सुबह 11:00 बजे झापरहवा टोला में चल रहे निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर उपस्थित होकर लोगों ने गांधी जी व शास्त्री जी को शत-शत नमन करते हुए नगर में उपक्रम संस्था के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही किरन दीदी जी संभ्रांत गुरु श्री जंगी राम जी व शहनवाज शाह के द्वारा गांधी जी को याद करते हुए माल्यार्पण कर उनके बारे में बच्चों के बीच बैठकर बातें किया वह उनके सत्य और अहिंसा के पद पर चलकर उनके कार्य करने की क्षमता को बताया वह निशुल्क चल रही कोचिंग सेंटर की सराहना की इस मौके पर उपस्थित अनिल कुमार कालीचरण जायसवाल शमशाद प्रफुल्ल व सभी टीचर सहित टोला वासी मौजूद रहे।

डाला नगर पंचायत में बीस बीस लीटर का डस्ट बिन किया गया वितरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
(सोनभद्र) डाला। - स्थानीय डाला नगर पंचायत के द्वारा वार्ड नंबर दो पूर्वी में डस्ट बिन किया गया वितरण स्वच्छता भारत मिशन के तहत नगर पंचायत डाला बाजार के प्रशासक /अपर जिलाधिकारी

सहदेव मिश्र व अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन पर नगर पंचायत के कर्मीयो ने शुक्रवार को वार्ड नंबर दो पूर्वी में घर घर जाकर बीस बीस लीटर की एक हरा रंग व एक निले रंग का डस्ट बिन बाल्टी 70 परिवारों में वितरण किया जिसमें एक बाल्टी में गिला कचरा एवं एक बाल्टी में सूखा कचरा भरा जायेगा वहीं डाला नगर पंचायत के कर्मी द्वारा बताया गया कि नगर के हर घर में डस्ट बिन बाल्टी वितरण किया जाएगा ताकि लोगो को कूड़ा कचड़ा सड़क पर इधर उधर ना फेंकना ना पड़े और दिए गए डस्ट बिन बाल्टी में कूड़ा कचड़ा भरकर रख दें और जब नगर पंचायत की कूड़ा वाली वाहन जाएं तो उस वाहन में डस्ट बिन की कूड़ा दें दें ताकि उस कूड़े को नगर पंचायत की गाड़ी उचित जगह पर पहुंचा सकें और हमारा नगर स्वच्छ हो सकें इस मौके पर नगर पंचायत के लिपिक ऋषि कुमार , संजय सिंह दीपक कुमार सिंह, मंतोष गोस्वामी, किशन कुमार, रतन्ेश शर्मा, रोशन ओम प्रकाश और आशीष आदि कर्मी शामिल रहे।

ओबरा इंटर कॉलेज को निजी करण से बचाने के लिए एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
ओबरा। अपना दल एस युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आन्नद पटेल दयालु के नेतृत्व में गरीबों का स्कूल ओबरा इंटर कॉलेज को निजी करण से बचाने के संबंध में ओबरा सोनभद्र

के उप जिलाधिकारी महोदय के नाम तहसीलदार ओबरा को ज्ञापन सौंपा गया और मांग किया गया कि ओबरा इंटर कॉलेज ओबरा सोनभद्र उत्तर प्रदेश में स्थित है जहां पर 1971 में यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट की प्रदेश स्तर पर टाप करने वाले छात्र बने थे मधुप माथुर जी, पूरे प्रदेश में ओबरा इंटर कॉलेज का डंका बजा इसके बाद लगातार सिलसिला चलता रहा यह विद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अधीन है और इसमें 20 भी देने की क्षमता न रखने वाले छात्र इसमें पढ़ा करते हैं इसके पहले हमारे नेतृत्व में माननीय ऊर्जा मंत्री जी को ज्ञापन दिया गया था जिसके प्रयास से ओबरा इंटर कॉलेज को निजी करण से रोकने में सफलता मिली थी लेकिन पुनः ऐसी सूचना मिल रही है कि ओबरा इंटर कॉलेज निजी करण होने जा रहा है ऐसी सूचना मिल रही है आदेश आ गया है सबसे कमजोर वर्ग और दलित, आदिवासी पिछड़े, गरीब सवर्ण के बच्चे इस विद्यालय से लाभान्वित होते हैं निजी करण होने से अधिकारियों पर तो कोई असर नहीं पड़ता है वह अपने बच्चे को किसी भी बड़े स्कूल में पढ़ा सकते हैं किसी भी कॉलेज में पढ़ा सकते हैं लेकिन इसमें सबसे कमजोर वर्ग का बच्चा स्कूल में पढ़ता है माननीय जी आपसे सादर अनुरोध है यहां के 1500 बच्चे फीस नहीं भर पाएंगे और यह अच्छी शिक्षा भी नहीं ले पाएंगे यही एक विद्यालय है आसपास के 50 किलोमीटर में । माननीय जी आपने सदैव सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष किया है इस विद्यालय को निजी करण से बचाने की कृपा करें जिसका प्रांतीय करण हमेशा के लिए हो जाए यह बच्चों के भविष्य को बनाने जैसा होगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के पनकी और हरदुआगंज व पारीक्षा के यहां के विद्यालय से तुलना न किया जाए क्योंकि वहां के आसपास विद्यालय विद्यालयों में सुविधाएं उपलब्ध है यहां यह राजस्व देने वाला उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा नगर और गांव है यहां जिला खनिज नीधि भी हैं यहां बिजली उत्पादन होता है सीएसआर फंड है लेकिन सुविधाओं के नाम पर केवल एक विद्यालय ओबरा इंटर कॉलेज वह भी निजी करण होने जा रहा है। आज दिनांक 6 अक्टूबर 2022 को जानकारी मिली है कि लगभग 300 से 400 बच्चे स्कूल में धरने पर बैठे थे जो दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार की छवि खराब करने जैसी है जो बच्चे ओबरा इंटर कॉलेज में पढ़ रहे वह अत्यंत गरीब है 20 फीस भी नहीं दे पाते हैं कृपया इनकी मदद करने का कष्ट करें जिससे सरकार की छवि खराब ना हो । मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच जनाब महताब आलम, जिला महासचिव जनाब शिबू खान, जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच श्री शिवदत्त दुबे, जिला महासचिव युवा मंच श्री दिनेश केसरी, विधानसभा अध्यक्ष महिला मंच श्रीमती सोनी खान, श्री अशोक गुर्जर जोन अध्यक्ष, श्री विकास कुमार गौड़ सेक्टर अध्यक्ष, जनाब जलालुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

राज्याभिषेक दिवस-मुस्लिम (मुगल) शासन के बाद पहले हिंदू राजा हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू थे डॉ ए के गुप्ता (रौनियार)

(आधुनिक समाचार सेवा)
रेनुकूट। ऑल इंडिया रौनियार वैश्य समाज द्वारा रौनियार वैश्य समाज के अग्रज व सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू मुगल शासक के बाद पहली बार दिल्ली की कुर्सी पर हिंदू राजा के रूप में राज्याभिषेक हुआ था। जो रौनियार वैश्य समुदाय के लिए ऐतिहासिक

गौरव का पल था, उसी एतिहासिक पर के उपलक्ष्य में रौनियार वैश्य समाज द्वारा रेणुकूट स्थित शंकर प्रसाद गुप्ता (रौनियार) के आवास पर बैठक कर राज्याभिषेक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में डॉ ए के गुप्ता (रौनियार) संस्थापक/ अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि रामसहाई रौनियार उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर गुप्ता अध्यापक ने किया। सर्वप्रथम हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उक्त अवसर पर डॉ ए के गुप्ता (रौनियार) ने कहा कि 7 अक्टूबर, 1556 में हेमू ने दिल्ली की लड़ाई में अकबर की मुगल सेना तरदी बेग खान (मुग़ल) को हरा कर दिल्ली पर विजय हासिल की। वही पर हेमू का राज्याभिषेक हुआ और उन्हें विक्रमादित्य की उपाधि से नवाजा गया। लगभग तीन शताब्दियों के मुस्लिम शासन के बाद पहली बार कोई हिन्दू दिल्ली का राजा बना था। जो रौनियार वैश्य समुदाय के लिए गौरव का पल था। आज सभी रौनियार वैश्य समाज के लोग उस ऐतिहासिक पल को याद करते हुए विजय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे महापुरुषों के कदमों पर चलते हुए समाज के लोगों को एक बड़ी मिसाल कायम करने का समय आ गया है। रामसहाई रौनियार ने कहा कि समाज के ऐसे अग्रज व महापुरुषों से हम सभी लोगों को सीख लेनी चाहिए कि हमारे पूर्वजों ने देश के लिए कितना बड़ा कार्य किया है अब हम सभी लोगों को मिलकर उन्हीं के दिखाए गए मार्ग पर चलना होगा। कभी उनके सपनों को पूरा किया जा सकता है। उक्त अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने अपने विचार रखते हुए जल्द ही जनपद में एक बड़े कार्यक्रम की आयोजन किए जाने का विचार रखा मौके पर सुरेश गुप्ता, श्याम बिहारी रौनियार, दीनानाथ गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनोद गुप्ता, राहुल प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, साकेत गुप्ता, रघुनाथ गुप्ता, शिव नारायण, शिव शंकर, महेंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, मदन प्रसाद, कामता प्रसाद,अवधेश गुप्ता, श्रीकांत, नेपाल प्रसाद, अनिल गुप्ता,जगदीश रौनियार आदि लोग उपस्थित रहे।

संस्थान की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु माता की पूजा कर मांगा आर्शीवाद

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनपरा। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रेणुसागर पावर डिवीज़न रेणुसागर द्वारा प्रेक्षागृह परिसर स्थित शारदीय नवरात्र में स्थापित आदिशक्ति, महाशक्ति श्री श्री माँ दुर्गा देवी की प्रतिमा का आज दोपहर अष्टमी तिथि को हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव व शैलेश विक्रम सिंह, गुलसन तिवारी सपतनेक, संजय सिंह, सुदिप्ता नायक, अनिल सिघानिया, मनु अरोरा, संदीप यावले, समीर आनंद, राम जतन गुप्ता मनीष सिंह, राजेश सैनी, द्वारा पुरे विधि विधान घंटे घड़ियाल शंख व वैदिक मंत्रोचार के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर तथा माता से आशीर्वाद लिए । इसके पूर्व षष्ठी तिथि को माँ का पूजन अर्चन व कलस स्थापना के बाद माता रानी का बोधन आमंत्रण तथा अधिवास सम्पन्न हुआ इसके उपरांत भक्तो के

दर्शन के लिए माँ का दरबार खोल दिया गया ,इस सम्बन्ध कोलकाता से आये पंडित दिलीप चटर्जी ने बताया की सप्तमी के दिन नवपत्रिका प्रवेश और पुष्पांजलि एवम आरती की गयी, उन्होंने नवरात्रि के अष्टमी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की माता के आठवे रूप में महागौरी की पूजा और आराधना की जाती है परम कृपालु महागौरी कठिन तपस्या कर गौरवर्ण को प्राप्त कर भगवती महा गौरी के नाम से विश्व विख्यात हुई इनकी आराधना सभी मनोवांछित कामना को पूर्ण करने वाली और भक्तो को अभय रूप व सौंदर्य प्रदान करने वाली है । श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के सचिव समित मंडल व गोपाल मुखर्जी ने बताया की सप्तमी को सायंकालीन बेला में लायनेस क्लब रेनुसागर द्वारा डांडिया का आयोजन किया गया जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए और उपस्थित दर्शको ने माता के जयकारे लगाए जिससे पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया व भक्तो को प्रसाद भी वितरित किया गया ।

केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान की बैठक हुई संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
(सोनभद्र) डाला। बीती शाम स्थानीय बाज़ार स्थित तिवारी कटरा परिसर में केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान्की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर

रहे डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन उमेश सिंह पटेल ने सर्वसम्मति से छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अनिकेत श्रीवास्तव को सोनभद्र का डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन नियुक्त किया व साथ ही भाजपा नेता महेश कुमार सोनी को नगर चेयरमैन डाला नियुक्त किया गया। इस दौरान केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन बनने के बाद अनिकेत श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के कमजोर,आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के व्यक्ति जो समस्याओं से संबंधित विभागों एवं अदालतों तक नहीं पहुंच पाते हैं और अपना हक हुकूक हासिल न होने से भाग्य को दोषी मानकर समस्या से पीडित रहते हैं विधिक कार्यवाही हो या मानवाधिकार मूल्य हो,सामाजिक समरसता के लिए संस्थान की तरफ से निशुल्क एडवोकेट नियुक्त किए जाएंगे जिनका खर्च संस्थान एवं पदाधिकारी उठाएंगे। संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है कि भारत को समृद्ध व मजबूत बनाने की अवधारणा, भ्रष्टाचार मुक्त उन्नत समाज की परिकल्पना, समाज में आर्थिक रूप से कमजोर दलित पिछड़े अल्पसंख्यक महिला एवं पुरुष ,जो पीडित हैं उनके अधिकारों को दिलाना । इस दौरान बैठक में वाइस चेयरमैन विकास सिंह,धीरेंद्र प्रताप सिंह,विमल रंजन सिंह, नादिस हसन,सदन साहू,आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी जयंती

(आधुनिक समाचार सेवा)
मीरजापुर। सत्य एवं अहिंसा के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की

जयंती पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित क्वार्टर गार्ड में उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए सलामी दी गयी । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को देश की आजादी और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने, और भी मजबूत बनाने के कार्य में तन, मन से योगदान करने व सदैव अहिंसा का पालन करते हुए समस्त विवादों को शांतिपूर्वक और संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलायी गयी । इस दौरान पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ने बताया कि दोनों महापुरुष हम सभी के लिये प्रेरणाश्रोत हैं जिनके बताये गये विचारों का अनुगमन कर हम सभी सही एवं कर्तव्य पथ पर चलकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं । इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे । इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन द्वारा पुलिस कार्यालय मीरजापुर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए सलामी दी गयी । इसके अलावा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों एवं थाना/चौकियों में भी दोनों महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण करते हुए हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई गयी ।

लायंस क्लब रेनू सागर द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
(सोनभद्र) रेनूसागर। लायंस क्लब रेनू सागर द्वारा लायन सर्विस सप्ताह में आज हिंडाल्को हॉस्पिटल, रेनुसागर में समस्त भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनकी जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जाने के लिए प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से लायन अध्यक्ष ललित खुराना , सचिव लायन जय जायसवाल संयुक्त सचिव लायन रंजीत गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष लायन विवेक अग्रवाल , उपाध्यक्ष लायन मनोज अवस्थी, लायन रेणु खुराना ,लायन अरुण सिंह, डॉ अभय कुमार दुबे, डॉक्टर प्रतेश पांडेय एवं संजय शर्मा जी का विशेष योगदान रहा ।

एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दुर्गा पूजा धूमधाम से सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दुर्गा पुजा समिति द्वारा दुर्गा पुजा बड़े श्रद्धाभाव एवं आस्था से आयोजित किया जा रहा है। इस

वर्ष एनटीपीसी सिंगरौली में शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि के शुभ अवसर पर माँ दुर्गा की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक, श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज द्वारा किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत विहार कॉलोनी टाउनशिप में स्थित मनोरंजन केंद्र में षष्ठी तिथि से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि को स्थानीय निवासीयों हेतु सांस्कृतिक संध्या का अयोजन किया गया, जिसमे एनटीपीसी सिंगरौली, एनसीएल, यूपीएल, आस-पास के बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत, फ़ैन्सी ड्रेस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। सभी उपस्थित जनों द्वारा बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया गया। शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि को सभी को खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। सप्तमी तिथि के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा के भजन से हुई। भारतीय फोल्क नृत्य का बढ़ावा देने हेतु छाऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया । इस नृत्य के दौरान भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कथाओं का नाट्य मंचन किया गया। इस अवसर पर श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), श्री बिभास घटक, महाप्रबंधक (एफ़जीडी, टीएस एवं प्रोजेक्ट), श्री एके सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), श्रीमती रंजू सिंह, वरिष्ठ सदस्या, वनिता समाज, वनिता समाज, श्री बिजोय कुमार सिकदर, मानव संसाधन विभाग प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली के सभी विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोशिएशन के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सैंकड़ों की संख्या में आम जन उपस्थित रहें । शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि को देवी जागरण, नवमी तिथि को आम जन के लिए प्रसाद एवं भंडारा एवं डांडिया नाइट्स, और विजय दशमी को रावण दहन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा गाँधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती एवं फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 अभियान का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती, वनिता समाज द्वारा संचालित टाइनी टोट्स स्कूल में मनाई गयी। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली, श्रीमती जयिता गोस्वामी अध्यक्षा वनिता समाज एवं अन्य महाप्रबंधक गण द्वारा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। एनटीपीसी सिंगरौली में भारत सरकार के आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 अभियान के तहत रैली आयोजित की गयी। इस रैली का उद्देश्य आम जन की आज-कल के व्यस्त जीवन शैली में शारीरिक एवं



मानसिक फिटनेस के बारे में उजागर करना था। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक सिंगरौली द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सफाई, अस्पर्शता, सत्य, अहिंसा की भूमिका को बताते हुए यह कामना कि यह महान पर्व जीवन और कर्म क्षेत्र में सदैव सत्य, अहिंसा, शांति, स्वच्छता, सादगी सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करता रहे। श्री बसुराज गोस्वामी द्वारा सभी को अपनी प्रतिदिनचर्या में शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देने हेतु आग्रह किया गया। श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज द्वारा इस अवसर पर राष्ट्रपिता गांधीजी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बताये हुए रास्ते पर चलने एवं सभी को शांति और अहिंसा का रास्ता चुनने के लिए प्रेरित किया ।

दीपक चाहर का खेलना मुश्किल, साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से हो सकते हैं बाहर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय वनडे टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच से पहले हुए ट्रेनग सत्र के दौरान टखना मुड़ने के कारण सीनियर तेज गेंदबाज दीपक चाहर के बचे हुए दो मैचों में खेलने की संभावना नहीं है। दीपक चाहर उस भारतीय टीम के अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे जिसे शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ रन से हार का सामना करना पड़ा था।चयन मामलों की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि दीपक का टखना मुड़ गया, लेकिन यह इतना गंभीर नहीं है। हालांकि कुछ दिन का आराम की सलाह दी जा सकती है। इसलिए यह टीम प्रबंधन का फैसला होगा कि वे दीपक को खिलाने का जोखिम लेना चाहेंगे या नहीं क्योंकि वह टी-20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाई सूची में शामिल है। लेकिन अगर वहां जरूरत होगी तो यह प्राथमिकता होगी।अभी टी-20 विश्व कप टीम में जसप्रीत बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को लिया जाएगा जो धीरे-धीरे मैच फिट हो रहे हैं और उनके अगले तीन से चार दिनों में आस्ट्रेलिया रवाना होने की आशा है। सूत्र ने कहा कि मोहम्मद शमी अगर फिट होते हैं तो वह पहली प्राथमिकता होगी। वह अगले हफ्ते टीम से जुड़ेंगे। मुकेश चौधरी और चेतन सकारिया बतौर नेट गेंदबाज टी-20 टीम से जुड़ गए हैं।पिछले साल चेनन्ई सुपरकिंग्स की खोज रहे तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और सौराष्ट्र के चेतन सकारिया बतौर नेट गेंदबाज टी-20 विश्व कप टीम से जुड़ चुके हैं। सूत्र ने कहा कि मुकेश और चेतन पर्थ चरण में टीम के साथ रहेंगे जहां भारत को दो अभ्यास मैच खेलने हैं।' पर्थ में भारत के ट्रेनिंग कार्यक्रम के अनुसार उन्हें तीन दिन (आठ, नौ और 12 अक्टूबर को) तक पांच घंटे तक कड़ी ट्रेनिंग करनी है जबकि 10 और 13 अक्टूबर को दो टी-20 अभ्यास मैच खेले जाएंगे।

वर्ल्ड कप से पहले लगा न्यूजीलैंड को झटका, चोट के कारण ट्राई सीरीज से बाहर हुए डेरिल मिचेल

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप से पहले खिलाडियों के इंजर्ड होने का सिलसिला लगातार जारी है। अब नई इंजरी न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से सामने आई है। दरअसल न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल चोट के कारण तीन देशों की त्रिकोणीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। इतना ही नहीं उनके वर्ल्ड कप खेलने पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ट्रेनिंग के दौरान उनकी उंगली फ्रैक्चर हो गई है। वह नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे जब उन्हें यह चोट लगी। एक्स-रे के बाद पता चला कि उनकी पिंकी फिंगर (कानी उंगली) में फ्रैक्चर है। उनकी इस इंजरी पर न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने कहा कि अभी उनके इंजरी को मॉनिटर किया जाएगा। कुछ वक्त लगेगा तब इस बात पर फैसला लिया जाएगा कि आगामी टी20 वर्ल्ड कप में वह उपलब्ध होंगे या नहीं। हालांकि उनके रिप्लेसमेंट को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं आई है और जल्द इस बारे में न्यूजीलैंड क्रिकेट की तरफ से जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह डेरिल मिचेल के लिए अफसोस जनक है कि वह इस एक्साइटिंग ट्राई सीरीज से पहले चोटिल हो गए हैं। वह हमारे लिए टी20 क्रिकेट में काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और निश्चितरूप से हम उन्हें इस ट्राई सीरीज में मिस करेंगे। वर्ल्ड कप में हमारे पहले मैच से महज दो हफ्तों का वक्त बचा है और हमें उनके रिप्लेसमेंट के बारे में फैसला लेने में थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच ट्राई सीरीज खेली जा रही है। न्यूजीलैंड अपना पहला मैच शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ हेगले ओवल में खेलेगी। वर्ल्ड कप से पहले तीनों टीमों के लिए यह एक अच्छा मौका है कि वह अपनी क्षमता को पहचाने और अपनी कमियों पर काम करें। यह सीरीज 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

जडेजा और बुमराह के बिना भी टीम वर्ल्ड कप की बड़ी दावेदार: रवि शास्त्री

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। टीम इंडिया 15वें खिलाड़ी के बिना ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो चुकी है। टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। इस टीम में रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे मैच विनर खिलाड़ी इंजरी के कारण उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इन दोनों खिलाडियों के बिना भी टीम इंडिया में गहराई है और वह टी20 वर्ल्ड कप जीत सकती है यदि वह अच्छा स्टार्ट करे। यह नए खिलाडियों के लिए एक बड़ा मौका है। रवि शास्त्री ने कहा ठयह दुर्भाग्यपूर्ण है। इतनी ज्यादा क्रिकेट खेली जा रही है। बुमराह इंजर्ड है लेकिन यह किसी और के लिए एक बेहतरीन मौका है। आप इंजरी के साथ कुछ नहीं कर सकते। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में वापसी की थी लेकिन 2 मैच खेलने के बाद उनके पीठ का दर्द फिर से उभर आया। रवि शास्त्री को भरोसा है कि बुमराह और रवींद्र जडेजा के बिना भी टीम अच्छा कर सकती है। उन्होंने कहा कि ठमुझे लगता है कि हमारी टीम मजबूत और अच्छी है। मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि यदि आप सेमीफाइनल तक पहुंच जाते हैं तो वहां से कोई भी टूर्नामेंट जीत सकता है। महत्वपूर्ण है एक अच्छी शुरुआत करना, सेमीफाइनल तक पहुंचे और फिर आपके पास स्ट्रैंथ है कि आप वर्ल्ड कप जीत सकते हैं। बुमराह और जडेजा टीम में नहीं है जिनकी कमी खलेगी लेकिन यह एक मौका है कि आप नए चैंपियन ढूंढे।जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट को लेकर अब तक बीसीसीआइ ने कोई जानकारी नहीं दी है। रिपोर्ट्स की मानें तो मोहम्मद शमी को उनके स्थान पर रिप्लेस किया जा सकता है। कोच और कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि यह शमी के फिटनेस पर निर्भर करेगा और अभी हमारे पास 15 अक्टूबर तक का वक्त है।

राशिफल

मेष-: आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

वृष-: आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

मिथुन-: आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

कर्क-: आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

सिंह-: आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

कन्या-: नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

तुला-: यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

वृश्चिक-: आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

धनु-: आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

मकर-: आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

कुंभ-: आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

मीन-: आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

भारत को पहले ओडीआई में हराने में क्यों सफल रही साउथ अफ्रीका की टीम, हेनरिक क्लासेन ने बताया कारण

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने कहा कि उनकी टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने पर ध्यान दे रही है और भारत के विरुद्ध पहले वनडे में वह स्पिनरों का सामना करने के लिए सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरी थी और इसकी वजह से ही उनकी टीम सफल हुई। क्लासेन ने कहा कि गेंद काफी स्पिन कर रही थी। हम इस तरह की परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पिछले दो साल से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमारी रणनीति दोनों तरफ स्वीप शाट खेलना था और यह रणनीति कारगर साबित हुई। हमने सही रणनीति अपनाई। गेंद स्पिन हो रही थी और इसलिए हमें स्ट्राइक रोटेट करने का तरीका ढूंढना पड़ा।क्लासेन ने कहा कि दोनों पारियों में ही शुरू में बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगता है कि क्विंटन डिकाक ने भी शानदार पारी खेली। उनके कारण हम तब अच्छी स्थिति में थे जब मैंने और मिलर ने जिम्मेदारी संभाली। क्लासेन ने कहा कि गुरुवार को खेली गई पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में एक है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में रन बनाना और इस तरह की पारी खेलना, मुझे लगता है यह मेरे करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया।दक्षिण अफ्रीका के लिए अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में जगह बनाने की ष्टिकोण से यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। वह इसमें आइसीसी विश्व कप सुपर लीग में कुछ महत्वपूर्ण अंक जुटाना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका अभी 11वें स्थान पर है और वह सीधे क्वालीफाई करने की स्थिति में नहीं दिख रहा है। क्लासेन ने कहा कि उनकी टीम वनडे विश्व कप के बारे में नहीं सोच रही है और उसका ध्यान आस्ट्रेलिया में इस महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप पर टिकी है। उन्होंने कहा कि अगले साल के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना वास्तव में मुश्किल बनने जा रहा है, लेकिन हम निश्चित तौर पर अपनी तरफ से प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य अभी टी-20 विश्व कप है जो जल्द ही शुरू होने वाला है। हम उन चीजों के लिए बहुत चिंतित नहीं हैं जिन पर हमारा अभी नियंत्रण नहीं है।

भारतीय टीम में 80 फीसद खिलाड़ी दबाव झेलने में सक्षम हैं : इरफान पठान

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व आलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि भारतीय टीम जब आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करेगी तो टीम पर शुरुआत में थोड़ा दबाव रहेगा, लेकिन इस टीम में 80 प्रतिशत ऐसे खिलाड़ी हैं जो यह दबाव झेलने में सक्षम हैं। अभिषेक त्रिपाठी ने इरफान पठान से की खास बातचीत। पेश हैं मुख्य अंश मेरा यह मानना है कि आगे भी टी-20 लीग होगी। भारत के अलावा यूएई और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश में भी टी-20 लीग आयोजित की जा रही है। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के जो बड़े टूर्नामेंट है और उसका जो महत्व है वो आगे भी बरकरार ही रहेगा, इसका महत्व कभी नहीं कम होगा। हां, यह जरूर है कि दुनिया भर में टी-20 लीग होने से सभी क्रिकेट बोर्डों पर इसे प्रबंध करने की जिम्मेदारी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और टी-20 लीग की अलग-अलग जगह है और यह जो लीग होती है वो भी क्रिकेट बोर्ड ही कराते हैं मुझे भारतीय टीम पर पूरा भरोसा है, क्योंकि आस्ट्रेलिया की पिचें भारत के लिए मददगार होती हैं। भारत के अलावा आस्ट्रेलिया बेहतर कर सकती है क्योंकि इस टूर्नामेंट का आयोजन आस्ट्रेलिया में ही हो रहा है और वह गत विजेता भी है। इन दो टीमों के अलावा अन्य टीमों का प्रदर्शन टूर्नामेंट शुरू होने पर ही पता चलेगा, लेकिन भारत और आस्ट्रेलिया के पास बल्लेबाजी क्रम काफी अच्छा है। टीम प्रबंधन और भारतीय टीम इस बारे में जरूर सोच रही होगी और जब टीम विश्व कप में उतरेगी तो शुरुआत में उनपर दबाव रहेगा, लेकिन इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए जो टीम चुनी गई है उसमें से 80 फीसद खिलाड़ी ऐसे हैं, जो इस दबाव को झेलने में सक्षम हैं। टीम का विश्व कप दौरा इस पर निर्भर करेगा कि इन खिलाडियों का प्रदर्शन दबाव में कैसा रहता है। पिछले विश्व कप की तुलना में इस बार जो खिलाड़ी जा रहे हैं वो अच्छे फार्म में जा रहे हैं। विराट कोहली का फार्म वापस आ गया है और अन्य खिलाड़ी भी फार्म में हैं। छठे गेंदबाज की अब समस्या नहीं है। काफी सारी सकारात्मक चीजे हैं। सभी लोग विश्व कप जीतना चाहते हैं, लेकिन सच्चाई तो यह है कि कोई एक टीम ही इसे जीत सकती है। भारत को सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कोहली ने इन तीन वर्षों में खुद को संतुलित रखा और प्रदर्शन करने की कोशिश की और वह इन वर्षों में लगे रहे। यह उनकी मजबूती बताती है कि उन्होंने हार नहीं मानी और सकारात्मक रहे। यह आसान नहीं होता है। सारी दुनिया की नजर उनके ऊपर थी और वैसा ही दबाव भी था। कोहली ने इस दबाव को झेला और वापसी की। एशिया कप में उन्होंने शतक भी जड़ा।

शाहीन अफरीदी हुए फिट, टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ पहला मैच खेलने को तैयार

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप 2022 का आगाज 16 अक्टूबर से होगा और हर टीम खिताबी जीत के लिए इस बार अपनी दावेदारी पेश करेगी। इस फेहरिस्त में टीम इंडिया भी शामिल है जिसका इस टूर्नामेंट में पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ 23 अक्टूबर को होगा। एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले इस मुकाबले का इंतजार पूरी दुनिया को है, लेकिन इस मुकाबले से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है जो शानदार है।

भारत और पाकिस्तान मैच के लिए तैयार है वर्ल्ड का दूसरा बड़ा स्टेडियम मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। टीम इंडिया 15 साल के लंबे इंतजार को खत्म करने ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। टीम वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को अपने सबसे बड़े राइवल पाकिस्तान के साथ करेगी। आइकॉनिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले इस मैच को लेकर फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है और यही वजह है कि सारी टिकटें पहले ही बिक चुकी है। फैंस के अलावा यहां के आयोजक भी इस मुकाबले को लेकर खासे उत्साहित हैं। एक लाख से ज्यादा क्षमता वाली इस मैदान में सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ट्वीटर हैंडल से इस ग्राउंड की तैयारियों का एक वीडियो शेयर किया गया है। जिसमें लिखा गया है कि हाल में ऑस्ट्रेलियन फुटबॉल लीग आयोजित करने के बाद एक बार फिर से एमसीजी नए समर के लिए तैयार है। इस मुकाबले को लेकर न केवल भारत में बल्कि पूरे ऑस्ट्रेलिया में फैंस का उत्साह देखने लायक है। पिछले टी20 वर्ल्ड कप की बात करें तो पाकिस्तान की टीम ने भारत को 10 विकेट से एकतरफा तरीके से हराया था। इस बार टीम इंडिया के पास अपने पहले ही मैच में उस हार का बदला लेने का मौका है। टीम इंडिया की बात करें तो उसके शुरुआत चार बल्लेबाज शानदार फॉर्म में है जबकि पाकिस्तान टीम अब भी अपने मीडिल ऑर्डर बल्लेबाजी को लेकर संघर्ष कर रहा है। क्रिकेट स्टेडियम की बात करें तो एमसीजी वर्ल्ड का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है। पहले नंबर पर अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम है जिसकी क्षमता 8 लाख तक बताई जाती है जबकि एमसीजी में एक लाख दर्शकों के बैठने की सुविधा है। आयोजकों की तरफ से यह भी कहा जा रहा है कि सारी टिकटें पहले ही बिक चुकी हैं और ज्यादा से ज्यादा फैंस इस मुकाबले को देख लेना चाहते हैं। 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाला यह टी20 वर्ल्ड कप 7 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। मेलबर्न के अलावा यह मुकाबले सिडनी, ब्रिसबेन, एडिलेड, गीलांग, होबार्ट और पर्थ में खेले जाएंगे।

वाइफ देविशा शेट्टी ने सूर्यकुमार यादव को पहनाया टीम इंडिया का ब्लेजर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया आगामी टी20 वर्ल्ड कप खेलने ऑस्ट्रेलिया रवाना हो चुकी है। गौरतलब है कि फिलहाल 14 खिलाडियों के साथ टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई है। ग्रुप फोटो साझा किया। इस ग्रुप फोटो में देखा जा सकता है कि टीम इंडिया के 14 खिलाड़ी और टीम मैनेजमेंट फॉर्मल्स पहने हुए हैं। दिलचस्प बात है कि इस फॉर्मल्स लुक में कई खिलाडियों ने अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस के जरिए साझा भी किया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब शेयर किया जा रहा है। दरअसल सूर्यकुमार यादव अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ एक यादगार लम्हें का हिस्सा बन रहे हैं, जिसे शायद ही यह दंपत्ति कभी सकें। सूर्यकुमार यादव के लिए यह पहला आइसीसी वर्ल्ड कप है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि सूर्यकुमार की पतनी देविशा शेट्टी उन्हें टीम इंडिया का ब्लेजर पहनने में मदद कर रहीं हैं। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस जरूर होने वाली है। हालांकि इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो इस समय गजब के लय में दिखाई दे रहे हैं। यह साल टीम इंडिया के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव के लिए काफी अच्छा रहा है आगामी टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को सूर्या से काफी उम्मीदें हैं। इसी बीच गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले बीसीसीआइ ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक

डेविड वार्नर की दमदार पारी से आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती सीरीज

(आधुनिक समाचार सेवा)

ब्रिसबेन। आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर (75 रन) के अर्धशतक के बाद मिशेल स्टार्क के चार विकेट की बदौलत आस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को 31 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज की टीम को तीन विकेट से हराया था। इस मैच की पहली पारी में आस्ट्रेलिया ने डेविड वार्नर की 75 रन की पारी और टिम डेविड के 42 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। डेविड वार्नर ने ये रन 41 गेंदों का सामना करते हुए 3 छक्केव 10 चौकों की मदद से बनाए जबकि टिम डेविड ने अपनी पारी के दौरान 20 गेंदों का सामना किया और इस दौरान 3 छक्के व 4 चौके जड़े। इसके बाद दूसरी पारी में 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन ही बना सकी और इस टीम के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। जानसन चार्ल्स इस मैच में वेस्टइंडीज की तरफ से 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि अकील हुसैन ने 25 रन बनाये। आस्ट्रेलिया के लिये मिशेल स्टार्क ने 20 रन देकर चार खिलाडियों को पवेलियन भेजा।

सलमान खान ने घरवालों को दी पार्टी आपस में भिड़ गईं ये दो कंटेस्टेंट्स

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। बिग बॉस 16 में आज पहला वीकेंड का वार देखने को मिला। इस बार सलमान खान खुद बिग बॉस हाउस में कंटेस्टेंट्स के साथ डिनर

करते हुए नजर आए। इस दौरान उन्होंने कुछ घर वालों को हिदायत भी दी कि वो फेक ना बनें। घर में सलमान खान के आने से छोटे भाई जान अब्दु काफी खुश दिखे, क्योंकि होस्ट उनके लिए गिफ्ट भी लेकर आए थे इस हफ्ते नॉमिनेट होने वाले 6 सदस्यों में से गोरी नागोरी पहले ही सेफ हो चुकी थी। तो अब जो घर से बेघर हो सकते हैं वो हैं साजिद खान, एमसी स्टैन, अर्चना गौतम, गौतम विग और शिव। तो यह देखना दिलचस्प होगा कि शनिवार को कौन घर से बाहर जाता है। सलमान खान से सभी घरवालों से कहा कि वो पहली बार वीकेंड के वार के लिए घर में आए हैं तो इस मौके पर वो एक पार्टी देंगे। लेकिन इस पार्टी में सिर्फ 10 लोग ही आ सकते हैं। सलमान ने अपनी तरफ से पहला नाम अब्दु का लिया और कहा कि वो देश के मेहमान हैं तो उन्हें यह मौका मिलना चाहिए। इसके साथ ही अब्दु को जिम्मेदारी दी एक सदस्य को साथ लाने की। अब्दु अपने साथ घर की कैप्टन निमृत कौर को लेकर आए। सलमान खान के साथ अब्दु, निमृत कौर, गौतम, शालीन, सुम्बुल, टीना, सौंदर्या, एससी स्टैन, साजिद खान और शिव शामिल हुए। इन लोगों ने सलमान के साथ जमकर पार्टी की। इस दौरान भाईजान ने कई कंटेस्टेंट्स को निशाने पर भी लिया। जब यह 10 लोग पार्टी कर रहे थे तभी बाहर मान्या सिंह और श्रीजिता में लड़ाई शुरू हो गई। डिनर टेबल पर सलमान खान ने गौतम विग की क्लास लगाई, उन्हें फेक करने के लिए मना किया। सलमान ने कहा कि ओरिजिनल बनने की कोशिश करें। सलमान खान ने माहौल को लाइट करने के लिए घरवालों के फिल्मी नाम बताने के लिए साजिद खान से कहा, उन्होंने अब्दु को छोटा चेतन बताया। और सुम्बुल को मासूम बताया। इसके बाद उन्होंने शालीन की मजाक मजाक में क्लास भी ले ली।

भोजपुरी फिल्म 'प्रजातंत्र' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार रितेश पांडेय और सुपर हॉट एक्ट्रेस काजल राघवानी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'प्रजातंत्र'

को लेकर काफी चर्चा में बनीं हुई हैं। इस फिल्म को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। वहीं आज उनकी फिल्म 'प्रजातंत्र' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया। ट्रेलर आउट होते ही यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। 'प्रजातंत्र' के ट्रेलर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर में रितेश और काजल की जोड़ी को खूब पसंद भी किया जा रहा है। 'प्रजातंत्र' का म्यूजिक मधुकर आनंद का है। इसके गीत विनय बिहारी, सुमित सिंह चंद्रवंशी, संतोष पुरी, सत्या सावरकर व सोनू सरगम ने लिखे है। इसमें दर्शकों को एक्शन और राजनीति के अलावा रितेश और काजल के बीच प्यारी सी प्रेम कहानी देखने को मिलेगी। इन दोनों के अलावा संजय पांडेय और विनीत विशाल जैसे दिग्गज कलाकार भी हैं। आपको बता दें कि काजल राघवानी एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट करती नजर आती हैं। वहीं फैंस उनकी हर पोस्ट को काफी पसंद करते हैं। उनकी तस्वीर मिनटों में इंटरनेट पर वायरल हो जाती हैं।

रणवीर सिंह ने ततड़-ततड़ गाने पर एनबीए प्लेयर के साथ किया डांस, वायरल हुआ वीडियो

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। रणवीर सिंह ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें उन्हें एनबीए प्लेयर जियानिस के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में रणवीर सिंह एनबीए प्लेयर को डांस सिखाते हुए भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद दोनों साथ मिलकर

डांस कर रहे हैं। रणवीर सिंह का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है। इसे 55 मिनट में डेढ़ लाख के करीब लाइक्स मिले हैं। वहीं वीडियो पर 924 कमेंट किए गए हैं वीडियो पर टाइगर श्रॉफ ने लिखा है, 'ओह, शी ब्रो।' तो वहीं कई लोगों ने लिखा है, 'वाह।' एक ने लिखा है, 'इसकी हाइट क्या है छोटे।' एक ने लिखा है, 'अगली बार हार्डन के साथ भांगड़ा करना।' गौरतलब है कि रणवीर सिंह एक प्रमोशनल स्ट्रेटजी के अंतर्गत एनबीए को प्रमोट करने पहुंचे थे। रणवीर सिंह फिल्म अभिनेता है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। वह हाल ही में फिल्म जयेशभाई जोरदार में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई थी। फिल्म में रणवीर सिंह ने एक गुजराती आदमी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में उनके अलावा और भी कई कलाकारों की अहम भूमिका थी। रणवीर सिंह की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की जाती है। वह कई कलाकारों के साथ काम कर चुके है। वहीं रणवीर सिंह हाल ही में अपने न्यूड फोटोशूट को लेकर भी खबरों में थे। इसके चलते उन पर एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी तस्वीरें मॉर्फ की हुई थी। रणवीर सिंह ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की जाती है।

फीफा वर्ल्ड कप एन्थम सॉन्ग 'लाइट द स्काई' रिलीज नोरा फतेही ने डांस से बिखेरा जलवा, रचा इतिहास

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। अगले महीने से फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत हो रही है। कतर में होने वाले इस वर्ल्ड कप में एक्ट्रेस नोरा फतेही परफॉर्म करेंगी। इस लिहाज से नोरा अकेली ऐसी बॉलीवुड अभिनेत्री होंगी, जो फीफा में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी। वह किस गाने पर परफॉर्मेंस देने वाली हैं, इसका खुलासा एक्ट्रेस ने कर दिया है। एक्ट्रेस ने फीफा के लिए अपना एन्थम सॉन्ग 'लाइट द स्काई' का वीडियो शेयर किया है। वह न सिर्फ इस गाने में डांस करती नजर आ रही हैं बल्कि गाना भी गा रही हैं। फीफा ने इसके वीडियो को अपने यूट्यूब चैनल और ट्विटर पर शेयर किया है। नोरा फतेही ने भी सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। शकीरा और जेनिफर लोपेज के बाद नोरा फतेही फीफा वर्ल्ड कप एन्थम सॉन्ग में परफॉर्म करने वाली हैं। नोरा दुनिया में भारत, खासकर दक्षिण पूर्व एशिया का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री बन गई हैं। नोरा जिस गाने पर डांस करेंगी, उस गाने को रेडऑन ने तैयार किया है। जो कि फेमस रिकॉर्ड निर्माताओं में से एक हैं। नोरा, फीफा की ओपनिंग के साथ ही क्लोजिंग सेरेमनी में भी परफॉर्म करने वाली हैं। क्लोजिंग सेरेमनी में वह किसी हिंदी गाने पर डांस करती नजर आएंगी। शकीरा ने 2010 में 'वाका-वाका' पर परफॉर्मेंस दी थी। इस गाने को उन्होंने गाया भी था। यह सॉन्ग आज तक युवाओं के बीच हिट है। 2014 में जेनिफर लोपेज, ब्राजील में हुए फीफा वर्ल्ड कप के एन्थम सॉन्ग 'वी आर वन' में रैपर पिटबुल के साथ नजर आईं थीं। अब नोरा की बारी है। नोरा भारत और साउथ ईस्ट एशिया का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एक्टर हैं। उनकी परफॉर्मेंस पर लोगों ने वेल विशेज दी हैं।



रवीना टंडन की बेटी राशा को देखकर रह जाएंगे दंग, देती हैं खूबसूरती में मां को भी मात, देखें वायरल फोटोज

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। रवीना टंडन की बेटी राशा दिखने में अपनी मां से ज्यादा खूबसूरत है। ऐसा हम नहीं कई सोशल मीडिया

यूजर का कहना है। रवीना टंडन ने अब अपनी बेटी के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इसमें दोनों मां-बेटी को ब्लैक कलर के आउटफिट में पोज करते हुए देखा जा सकता है। राशा मां के साथ मिरर सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों ने भी एक ही कलर के कपड़े पहन रखे हैं और दोनों भी काफी खूबसूरत लग रही हैं। खास बात यह है कि रवीना टंडन और राशा में अंतर करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। रवीना टंडन ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'ट्विनिंग टीम राशा थडानी और मैं।' रवीना टंडन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 1 घंटे में 22000 से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 200 से ज्यादा कमेंट किए गए हैं। कई लोगों ने तस्वीरों पर पॉपिंग आइज की इमोजी शेयर की है। वहीं कई लोगों ने लिखा है, 'वाओ ब्यूटीफुल।' एक ने लिखा है, 'आप दोनों अच्छे लग रहे हो।' एक ने लिखा है, 'कड़क।' एक ने लिखा है, 'फैबुलस।' एक ने लिखा है, 'ब्लैक ब्यूटी।' एक ने लिखा है, 'मस्त-मस्त गर्ल।' गौरतलब है कि रवीना टंडन बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम कर चुकी है। उन्होंने कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाई है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की गई है। रवीना टंडन अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है। इसे लेकर उनके फैंस भी काफी उत्साहित रहते हैं। रवीना टंडन की बेटी राशा पढ़ाई कर रही हैं और वह जल्द फिल्मों में नजर आ सकती हैं। हालांकि उन्होंने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, बॉबी देओल और रितेश देशमुख आएंगे नजर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, बॉबी देओल, रितेश देशमुख ने हाउसफुल 5 के लिए हाथ मिलाया है। निर्माता

साजिद नाडियाडवाला ने हाउसफुल 4 के बाद अब हाउसफुल 5 की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें उन्होंने कई कलाकारों को लाने का निणन्य किया हैं। हाउसफुल 5 की स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है और साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म में अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, बॉबी देओल और रितेश देशमुख को साथ लाने वाले हैं। इस फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'साजिद नाडियाडवाला हाउसफुल फ्रेंचाइजी के 5वें भाग के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

विक्रम वेधा मेकर्स ने गंवाए 150 करोड़ केआरके बोले उम्मीद करता हूं ऋतिक कोई फीस नहीं चार्ज करेंगे

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की फिल्म विक्रम वेधा का बॉक्स ऑफिस पर कमाल जारी है। फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ते हो गए हैं और इतने समय में फिल्म ने 58 करोड़ के आसपास बिजनेस किया है। जिस गति से फिल्म का कलेक्शन आगे बढ़ रहा है, उसे देख कर लगता है कि 100 करोड़ का बिजनेस करने में इसे और एक हफ्ते लगेंगे। इस बीच एक एक्टर ने फिल्म



के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का रिव्यू करते हुए विक्रम वेधा की पोल खोली है। विक्रम वेधा 30 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसी दिन ऐश्वर्या राय की 'पोनिनयिन सेल्वन' भी रिलीज हुई है, जो बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। विक्रम वेधा को इस एक फिल्म से कड़ी टक्कर मिल रही है। बुधवार पांच अक्टूबर तक विक्रम वेधा का 7.21 करोड़ का कलेक्शन हुआ। वहीं, गुरुवार को फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली। सांतवे दिन फिल्म ने महज तीन करोड़ रुपये कमाए, जिससे कि पुष्कर-गायत्री के निर्देशन में बनी ह फिल्म अभी तक 58.31 करोड़ का टोटल बिजनेस कर पाई है। एक्टर और क्रिटिक कमाल राशिद खान ने विक्रम वेधा की इतनी कमाई पर भी हैरानी जताई है। उन्होंने कहा, 'गुरुवार को विक्रम वेधा का कलेक्शन 3.50 करोड़ रहा। इसका मतलब है कि पहले हफ्ते में 47 करोड़ की कमाई की है। मतलब यह फिल्म बेकार है। प्रोड्यूसर्स को 150 करोड़ का नुकसान हुआ है। मैं उम्मीद करता हूं की ऋतिक भाई इस फिल्म के लिए कोई फीस नहीं चार्ज करेंगे और (अनिल अंबानी) को बर्बाद करेंगे।'

शोषण के आरोपों में घिरे साजिद खान को पायल रोहतगी का सपोर्ट, बोलीं 'उन्हें पैसे कमाने का अधिकार है'

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। बिग बॉस 16 में जब से साजिद खान की एंट्री हुई है, तब से मेकर्स की थू-थू हो रही है। कई सेलेब्स ने साजिद द्वारा अपने साथ हुए यौन शोषण को याद करते हुए उन्हें बाहर करने की मांग की है। एक के बाद एक कई सेलेब्स अपने साथ हुए घिनौने काम को याद करते

हुए बिग बॉस मेकर्स पर साजिद खान को लेने के लिए भड़ास निकाल रहे हैं। मंदाना करीमी के बाद सलोनी चोपड़ा और जिया खान की बहन करिश्मा ने पोल खोलते हुए बताया है कि कभी उनके साथ साजिद ने कैसी बातें की थीं। इन सबके बीच कुछ फीमेल सेलेब्स ऐसे भी हैं, जो साजिद का बचाव कर रहे है। शहनाज गिल और कश्मीरा शाह के बाद 'बिग बॉस 2' कंटेस्टेंट पायल रोहतगी ने भी साजिद के समर्थन में बात की है। पालय ने इंस्टाग्राम पर लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा है, जिसमें वह कह रही हैं, 'जब से सलमान खान ने साजिद खान को कंटेस्टेंट के तौर पर शो में बुलाया है, तब से साजिद के खिलाफ सोशल मीडिया पर हल्ला मच गया है। कई सारे लोग मेकर्स और चैनल वालों को कॉल कर कह रहे हैं कि शो में उस इंसान को बुलाया गया है, जिसका नाम कभी मी टू में आ चुका है। जबकि साजिद पर लगे आरोप अभी तक साबित भी नहीं हुए हैं। करीब चार साल पहले कुछ फीमेल सेलेब्स ने क्लेम किया था कि साजिद ने उनके साथ कई मौकों पर गंदी बात की है, उनके साथ अभद्र व्यवहार किया है। आरोप लगाने वालों में मंदाना करीमी भी शामिल है, जिन्होंने कहा था जब वह हमशकल के लिए साजिद से मिलने गईं तो उन्हें कपड़े उतारने को कहा गया था। साजिद ने मंदाना से कहा था कि अगर मुझे वह पसंद आता है, जो मैं देखता हूं, तो मैं तुम्हें कास्ट कर सकता है।' पायल ने फटकार लगाते हुए कहा कि मंदाना अब कह रही हैं कि मैं हैरान नहीं हूं कि साजिद बिना किसी नतीजे के शो में आ गए हैं। साजिद खान को जीने का अधिकार पायल का साजिद के लिए यह प्यार पहली बार नहीं है। इससे पहले भी उन्होंने साजिद के समर्थन में इसी मुद्दे पर बात रखी थी। पायल ने कहा कि जब महात्मा गांधी के मूल्यों से हत्यारों को सुधार का अधिकार दिया गया है, तो यहां साजिद खान को भी जीने का अधिकार है। उन्हें पैसे कमाने का अधिकार है।उनके पास पश्चाताप का अधिकार है। उन्हें अपने अधिकार के लिए लड़ने दो। अपनी 'लॉकअप' कंटेस्टेंट मंदाना करीमी को आड़े हाथ लेते हुए पायल ने कहा कि आप भले ही साजिद का विरोध करो, लेकिन बॉलीवुड छोड़ने का नाटक मत करो।

बॉलीवुड की इन फिल्मों में दिखाया गया वायु सेना का पराक्रम, पढ़ें पूरी खबर

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। एयरफोर्स डे के अवसर

पर पूरा देश वायु सेना के शौर्य को वंदन कर रहा है। वहीं बॉलीवुड में भी एयरफोर्स के पराक्रम पर समय-समय पर फिल्में बनती रही है। अब हम आपके लिए इन फिल्मों में से पांच बेस्ट फिल्में लेकर आए है, जिन्हें देखकर आप वायु सेना के जज्बे को समझ सकते है। पहली फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया है। इस फिल्म में अजय देवगन की अहम भूमिका थी। इस फिल्म में उनके अलावा और भी कई कलाकारों ने काम किया है। यह फिल्म 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध पर आधारित है। दूसरी फिल्म गुंजन सक्सेना द कारगिल गर्ल है। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म में उन्होंने एयरफोर्स पायलट की भूमिका निभाई थी। जिन्होंने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर विवाद भी हुआ था। तीसरी फिल्म मौसम है। इस फिल्म में शाहिद कपूर की अहम भूमिका थी। इस फिल्म को भी काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन पंकज कपूर ने किया था। वहीं ये फिल्म प्रधानता लव स्टोरी थी। वहीं फिल्म में सोनम कपूर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। चौथी फिल्म हिन्दुस्तान की कसम है। यह फिल्म भी 1971 के युद्ध पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन चेतन आनंद ने किया था। वहीं इस फिल्म में अमरीश पुरी, राज कुमार और अमजद खान की अहम भूमिका थी। इस फिल्म को भी काफी पसंद किया गया था। पांचवी फिल्म विजेता है। इस फिल्म में एक व्यक्ति की निजी लड़ाई दिखाई गई है। अंत में वह फाइटर पायलट बनता है और अपनी निजी के अलावा देश के आगे की चुनौती से भी पार पाता है। बॉलीवुड में कई कलाकारों ने फिल्मों में फाइटर पायलट की भूमिका निभाई है। इनमें शाह रुख खान का नाम भी शामिल है। उन्होंने फिल्म वीर जारा में एक पायलट की भूमिका निभाई है।इस बार यह उत्सव इस लिए भी खास है क्योंकि इस साल भारतीय वायु सेना की 90 वीं वर्षगांठ है। वायु सेना न केवल सीमा पार संघर्ष के समय में भारतीय हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करके राष्ट्र की रक्षा करते है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव अभियान भी चलाती हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते है। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पूछे गए सवाल

प्रश्न- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।

उत्तर- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008- टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

प्रश्न- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

उत्तर- वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

प्रश्न- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

उत्तर- कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

प्रश्न- आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

उत्तर- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।

आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।



आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।

स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य

अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह

एस के गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।

आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।

मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।

नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।

अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।

कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274